

MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 207 | ग्वालियर, शनिवार 6 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## सुप्रीमकोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किया गया था. सुप्रीम कोर्ट का फैसला प्रभावी रूप से इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगाता है, जिसमें कहा गया था कि मदरसों के 17 लाख छात्रों और 10,000 शिक्षकों को राज्य शिक्षा प्रणाली के भीतर समायोजित किया जाए. गौरतलब है कि, पिछले महीने इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन घोषित किया था. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया. अदालत ने आगे कहा कि, हाई कोर्ट ने मदरसा अधिनियम के प्रावधानों की गलत व्याख्या की है, क्योंकि यह धार्मिक शिक्षा प्रदान नहीं करता है.

## कुछ लोग जानबूझकर संदेशखाली की तुलना सिंगूर और नंदीग्राम से कर रहे हैं : सीएम ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर संदेशखाली की हालिया घटनाओं की तुलना वाम मोर्चा सरकार के दौरान हुई सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं से करने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम ममता बनर्जी ने तूफानगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, संदेशखाली की तुलना सिंगूर या नंदीग्राम से नहीं की जा सकती। संदेशखाली में कुछ घटनाएं स्थानीय थीं। आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हमने शेख शाहजहां जैसे लोगों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वाम मोर्चा शासन के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने हुगली जिले के सिंगूर और पूर्वी मिदनापुर जिले के नंदीग्राम में उद्योग के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन चलाया था। सिंगूर में आंदोलन टाटा मोटर्स लिमिटेड की प्रस्तावित छोटी कार परियोजना के खिलाफ था। वहीं, नंदीग्राम में आंदोलन इंडोनेशिया स्थित सलीम समूह द्वारा प्रस्तावित रासायनिक केंद्र के खिलाफ था। हालाँकि, उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में, जो हाल के दिनों में उबाल पर था, महिलाओं ने स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व के एक वर्ग के खिलाफ आंदोलन किया, जिन पर उन्होंने जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इससे पहले, तूफानगंज रैली में बोलते हुए, सीएम ने बिना किसी का नाम लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय पर भी निशाना साधा, जो पूर्वी मिदनापुर जिले के तमलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

## रायपुर के कोटा इलाके में

# बिजली कंपनी में लगी भीषण आग



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कोटा इलाके में स्थित एक बिजली वितरण कंपनी में भीषण आग लग गई है. आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है. पुलिस और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं. अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है. इस आग में अभी तक किसी के घायल या हताहत होने की कोई खबर नहीं है. बताया जा रहा है कि ये आग भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिविजन कार्यालय में रखे ट्रांसफार्मर में अचानक ब्लास्ट होने के बाद लगी. न्यूज एजेंसी एएनआई ने इस घटना का एक वीडियो साझा किया है. जिसमें धुआं और आग की तेज लपटें उठती दिखाई दे रही हैं. आसमान में काला धूआं छा गया है और पास ही दमकल की कई गाड़ियां खड़ी हुई हैं और दमकल के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं. स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस बद मौके पर पहुंच गया. फिलहाल दमकलकर्मी भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा ने बताया कि, दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया. घटना में कोई घायल नहीं हुआ. आग लगने का कारण ज्ञात नहीं है. आग लगने का बाद ज्वलनशील पदार्थ वाले बैरल को साइट से हटा दिया गया.

## पहले पत्नी और बेटी की हत्या की, फिर खुद लगाया मौत को गले

नई दिल्ली। दिल्ली के निहाल विहार इलाके से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां 42 वर्षीय एक शख्स ने पहले अपनी पत्नी और इसके बाद अपनी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। फिर उस शख्स ने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। इन सभी के शव के बारे में इनके बेटे के जरिए पता चला, जो काम के बाद अपने घर लौटा था। मृतक की पहचान अजय, टीना (38) और वर्षा के रूप में हुई। यह सभी निहाल विहार के गली नंबर 5 में रहते थे। इस जानकारी को साझा करते हुए पुलिस ने कहा कि शुक्रवार सुबह 9:30 बजे पीसीआर को कॉल के जरिए इस घटना के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस को अजय पंखे से लटकता हुआ मिला। उसका शव लहूलुहान अवस्था में दिखा। टीना और वर्षा का शव बेड पर पड़ा हुआ था। दोनों का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि हमलावर ने उन्हें किसी धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा है। वहीं, उनका रूम भी अंदर से बंद पड़ा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने कहा, फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। मामले की जांच जारी है। मृतक अजय हलवाई का काम करता था, जिसका 22 वर्षीय बेटा कुशल है, जो कि इलेक्ट्रिशियन है। कुशल काम से वापस लौटा तो उसने अपने परिवार के सभी सदस्यों के शव लहूलुहान अवस्था में पड़े हुए देखे। डीसीपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अजय ने ही अपनी पत्नी और बेटी की हत्या किसी धारदार हथियार से की। इसके बाद उसने खुदकुशी कर ली। डीसीपी ने कहा, इस पूरे मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## राजस्थान के चूरू में पीएम मोदी बोले

# जब नीयत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब कुछ समय ही शेष रह गया है. शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के चूरू में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया. इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान लोकसभा में भाजपा को बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है. लोकसभा चुनाव में राजस्थान भाजपा ने प्रचंड जीत का आगाज किया है. आज दोपहर करीब 12 बजे चुरू में मुझे अपने परिवार के सदस्यों से मिलने और आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त होगा. रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश में विकास चरम पर है. कोरोना काल में भी विकास कार्य नहीं रुका था. हमने गरीबों को पक्के मकान दिलाए. वो भी महिलाओं के नाम पर ये घर दिलाए गए. पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास को देखकर दुनिया हैरान है. कांग्रेस पर तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब नीयत सही हो तो नजीते भी सही आते हैं. बीते 10 वर्षों में जितना विकास हुआ वो पहले कभी नहीं देखने को मिला. अब पैसे सीधे गरीबों के खाते में आते हैं. इससे पहले बिचौलिए पूरे पैसे गरीबों तक नहीं पहुंचने देते थे. उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों के साथ है. आज पूरे देश में पीएम मोदी की गारंटी की चर्चा जोरों पर है.



इससे पहले मंगलवार को पीएम मोदी ने कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया. यहां पर उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा, यह चुनाव आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए है. उन्होंने कहा, मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का यह चुनाव देश के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए लड़ा जा रहा है. उन्होंने कहा था, भ्रष्टाचारियों को बचाओ, मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ. राजस्थान में 12 लोकसभा सीटों को लेकर मतदान का पहला चरण 19 अप्रैल को होगा. वहीं अन्य 13 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोटिंग होने वाली है. पहले चरण में 12 निर्वाचन क्षेत्रों - गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर में वोटिंग होगी. वहीं दूसरे चरण में 13 सीटों के लिए वोटिंग होगी. ये हैं टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां हैं.


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram
Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# नवीन शराब एवं गोदाम को तत्काल हटवाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## मांग पूरी न होने पर महिलाओं एवं पुरुषों ने कलेक्टर से मांगी इच्छा मृत्यु

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को सौपे गए ज्ञापन में ज्ञापनकर्ताओं ने बताया कि गोहद के गांधी नगर वार्ड क्र-16 मंडी तिराहे पर गाय, बछडा की मूर्ति के पास नवीन शराब की दुकान एवं गोदाम खोल दिया गया है,इससे पहले हमारे यहां कोई शराब की दुकान और न ही कोई गोदाम था।

1- गांधी नगर मंडी तिराहे पर दुकान एवं शराब के गोदाम खोले गये है पास में द सारपेज स्कूल है।

2- पास में हम सब ग्रामवासियों का सार्वजनिक मंदिर है।

3- सामले तिराहे पर गाय बछडा की मूर्ति लगी है जो गोहद को अलग नाम से पहचान देती है।

4- हम महिलाऐं गरीब दलित परिवार से है हमारे बच्चे बच्चियों को स्कूल जाने के लिए वही से जाना होता है दो दिन से शराबी उपद्रव मचा रहे और गाली गलोज व अश्लील हरकरते कर रहे है ठेकेदार सहित।

5- हमारे बच्चों एवं हम महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए यह शराब की दुकान एवं गोदाम तत्काल हटाया जाये। पीड़ित लोगों ने आप हमारे मदद करें और हम सभी गरीब वासियों बचाने की कृपा करें नहीं तो सब को मिलकर मरने पर मजबूर होना पडेगा। हमारे बच्चो के भविष्य वर्वाद होने अच्छा है हम अपने परिवार सहित अपनी जीवन लीला समाप्त कर लें। इस स्थिति में हमें इच्छा मृत्यु देने की कृपा करें। ज्ञापनकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि शराब की दुकान और गोदाम को दूसरी जगह 1 कि.मी. के दायरे में कहीं पर भी स्विफ्ट करायें अगर दुकान दूसरी जगह स्विफ्ट नहीं करा सकें तो हमें इच्छा मृत्यु दी जाए तो हम दलित महिलाओं एवं बस्ती वालो पर अति कृपा होगी। ज्ञापनकर्ताओं में मुख्य रूप से गोहद विधायक केशव देसाई, राजाबेटी जाटव पार्षद, हरनारायण जाटव, नारायण जाटव, ज्ञानसिंह, अशोक, भूरेलाल, सुरेश, चिंतामणि, राजाराम, जितेंद्र, करण, योगेश, रामसिंह, लोंगश्री, कमला बाई, राजोबाई, रामाबाई,धनश्री, रामकली, रामनरेश, लटूरी प्रसाद, नरेश, रामेश्वर, प्रवेश कुमार,सर्वेश कुमार सहित मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।




# डायलिसिस रोगियों की मदद के लिये काँठा परिषद का सम्मानप्त

## 10000 डायलिसिस में कर चुके है मदद

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू। पिछले 13 वर्षो से आर्थिक रूप से कमजोर डायलिसिस रोगियों की सेवा में रत बेंगलुरु के श्री काँठाप्रांत युवक परिषद (प.) ट्रस्ट को सम्मानित किया गया। राजाजी नगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय डायलिसिस सेंटर में आयोजित एक सादे समारोह में रोटरी पिनिया बेंगलुरु ट्रस्ट एवं किडनी फ़ाउंडेशन ने काँठा परिषद को मानव सेवा के प्रति समर्पण के लिये काँठा ट्रस्ट को सम्मानित किया। दीनदयाल उपाध्याय सेंटर के चेयरमेन बद्रीनाथ ने जानकारी दी कि काँठा परिषद अभी तक 3000 डायलिसिस में दीनदयाल डायलिसिस सेंटर को मदद कर चुका है। इस अवसर पर बेंगलुरु किडनी फ़ाउंडेशन के श्रीराम ने कहा कि इस रोग से पीड़ति को प्रत्येक दूसरे दिन डायलिसिस सेंटर जाकर लगभग 4 घंटे की डायलिसिस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है जो न केवल पीड़ादायक है अपितु खर्चीली भी है और निम्न वर्गीय रोगी यह खर्चा वहन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे में रोगियों को मिलने वाली आर्थिक सहायता उनको बहुत ही राहत पहुंचाती है। काँठा परिषद के अध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने कहा कि परिषद अपने स्थापना उद्धेश्यों की पूर्ति के लिये निरंतर सक्रिय है। उपाध्यक्ष विनोदकुमार चाणोदिया व रमेश गुगलिया ने बताया कि काँठा परिषद डायलिसिस के साथ गौशालाओ व अनाथालयों में भी सेवा के रूप में योगदान दे रहा है।मंत्री सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार काँठा परिषद अभी तक विभिन्न डायलिसिस केंद्रों में 10000 से अधिक डायलिसिस मदद प्रदान कर चुका है। परिषद की खेल समिति अध्यक्ष विजय गुगलिया व उपाध्यक्ष अमित कोठारी के अनुसार परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली क्रिकेट तथा महिला व पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज की युवा खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर भी मिल रहा है। इस अवसर पर किडनी फ़ाउंडेशन के सुधीर शिनॉय, डायलिसिस सेंटर के सुधाकर, काँठा परिषद के सूरजमल पितलिया, कांतिलाल गुगलिया इत्यादि भी मौजूद थे।







# फाग उत्सव में देश के प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे ने दी लोकगीतों की प्रस्तुति

**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। श्री महामाई मंदिर के पास ग्राम वीरपुर में गुरूवार को होली के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय फाग लोकोत्सव कार्यक्रम में बुन्देलखंड के प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे एवं उनकी पार्टी ने देर रात्रि तक अपने मनमोहक लोकगीतों एवं भजनों की प्रस्तुति दी। फाग उत्सव के इस आयोजन में बुंदेलखण्ड की नृत्यांगनाओं ने भी अपने लोकगीतों और लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी।

रात्रि करीब 9 बजे मंच पर पहुंचे जित्तू खरे बादल ने बुंदेली लोक भाषा में 'मैया मोरे मन में मैयर की शारदा भवान' इस भजन से अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की और देर रात्रि तक एक से ब?कर एक मनमोहन प्रस्तुतियां दीं। लोक कला के इस आयोजन को देखने एवं सुनने के लिए आस-पास के ग्रामीण अंचल के हजारों नागरिक ग्राम वीरपुर पहुंचे इसके उपरांत करो तैयारी मैया आने वाली है, मेया नो-नो लगे तेरो दरबार जैसे प्रसिद्ध लोकगीतों पर नृत्यांगनाओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं इससे पूर्व मच पर उपस्थित कलाकारों का समिति ने पुष्प माला से स्वागत किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोककला प्रेमी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

# अंतर्राज्यीय सीमावर्ती नाकों के संबंध में बॉर्डर मीटिंग संपन्न

## लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने पर की गई चर्चा, सभी सीमाएं 48 घंटे पूर्व कर दी जाएंगी सील, आसामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए सुप्रभावी, समयबद्ध कार्रवाई की जायेगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में अंतर्राज्यीय सीमावर्ती नाकों के संबंध में बॉर्डर मीटिंग वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित की गई। जिसमें जिला भिण्ड,मुरैना एवं आगरा के जिला दंडाधिकारी, एडीएम ,जिला पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियो संयुक्त रूप से बैठक में उपस्थित रहे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान तीनो जिले में एक साथ 7 मई को होगा इससे सभी जिले के अधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे, और मॉडल कोड और कंडक्ट को पूरी तरह लागू करने के लिए समन्वय के साथ काम किया जायेगा।

वर्चुअल आयोजित बैठक में कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव,कलेक्टर मुरैना अंकित अस्थाना,कलेक्टर आगरा भानु चंद्र गोस्वामी सहित एसपी भिण्ड डॉ. असित यादव,मुरैना एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान,एडीएम भिण्ड लक्ष्मीकांत पाण्डेय,एएसपी संजीव पाठक सहित अन्य अधिकारीयो जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारी के संबंध में चर्चा की। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए बैठक में सर्व सहमति से अंतर्राज्यीय कानून व्यवस्था बनाए रखने और लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया की अवैध शराब,अवैध शस्त्रों और मादक पदार्थों के परिवहन और आसामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए सुप्रभावी, समयबद्ध कार्रवाई को प्रभावी ढंग से करने के लिए समन्वय के साथ रणनीति अनुसार काम किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि भिण्ड जिले के 27 मतदान केंद्र एवं 02 थाने आगरा जिले की सीमा वर्ती क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और मुरैना जिले के 44 मतदान केंद्र एवं 03 थाने क्षेत्र जुड़ते हैं। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि नाको पर मोबाइल टीम द्वारा तथा नदी में वोट द्वारा पेट्रोलिंग की जायेगी। सभी सीमाएं मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व सील कर दी जाएंगी, आगरा, मुरैना और भिंड के पुलिस अधिकारीयो ने बताया की थाने स्तर पर बैठक करने,लोकल लेवल पर कॉर्डिनेट करने निर्देश दिए गए है। इसके संबंध में प्रारंभिक मीटिंग भी आयोजित हो चुकी है। जिला बदर की कर्रवाई, और गुंडा सूची को आपस में शेयर किया जा रहा है। लोक सभा निर्वाचन में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस और एडीएम स्तर के अधिकारियो के नंबर भी आपस में शेयर किए गए है। इसके साथ ही जिलों के आबकारी अधिकारी भी आपस में समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा के मोबाइल नंबर आदि का आदान प्रदान कर लिया जाए। मतदान से पूर्व संबधित मदिरा दुकानों को 48 घंटे पूर्व बंद रखे जाने के संबंध में चर्चा की गई। पुलिस स्तर पर आपराधिक,संदिग्ध व्यक्तियों की सूची आपस में आदान प्रदान कर मतदान पूर्व कार्रवाई करने कहा गया। पांचों थानों के मध्य समन्वय बैठक कर आने जाने वाले रास्तों पर चैकिंग नाके लगाए जायेंगे।



# भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती के अवसर पर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में भजन प्रतियोगिता का आयोजन



**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। श्री 1008 आदिनाथ भगवान के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर श्री 1008 पार्ष्वनाथ दिगम्बर जैन बडा मंदिर में अखिल भारतवर्षीय दिव्य देषना महिला परिषद एंव श्री निर्णय सागर जी पाठषाला द्वारा पालना झूलाया गया। इस मौके पर पाठषाला के बच्चों को हाऊजी सहित अनेको गेम खिलाए गए। वही द्वितीय दिन भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में कु. रीत जैन,प्रिंयम जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही श्रतु जैन ने द्वितीय एंव आदि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ सीनियर वर्ग में श्रीमति रानी जैन ने प्रथम,माधुरी जैन ने द्वितीय,श्रीमति मंजू जैन ने तृतीय स्थान और श्रीमति प्रीति बांझल को विषेष स्थान दिया गया। वही उक्त प्रतियोगिता को निर्णायक श्रीमति नम्रता जैन सैनानी एंव ज्योति बगरौदा रही। वही उन्होने बताया कि यह कार्य्रक्रम आगामी महावीर जंयती तक मनाए जाएगें।

# मदिरा की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान



**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

आबकारी आयुक्त द्वारा फिर मदिरा की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर महोदय दतिया श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गई

(1) शीला पत्नी परम कंजर, उम्र 60 वर्ष, नि. विकास नगर कंजर डेरा, दतिया से हड़ा पहाड़ दतिया पर 05 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा।

(2) शंकर पुत्र भोलाराम जाटव , उम्र 38 वर्ष, निवासी महावीर पूरा डबरा , 19 पाव देशी प्लेन मदिरा 3.42 बल्क लीटर

(3) अज्ञात- बड़ोनकलॉ के पास 17 लीटर हाथ भट्टी मदिरा

(4) तालिबबान पत्नी मोहम्मद सफ़ीक़ ख़ान , उम्र 24 वर्ष निवासी सेवड़ा पर 20 पाव 3.6 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा।

जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं कुल 29.02 बल्क लीटर हाथभट्टी एवं देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 6740/- रुपए है

उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री संजय शर्मा, श्री रवि बिसारिया , श्री विकास पाठक ,महिला आरक्षक सुश्री याशनिका यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतम का सराहनीय योगदान रहा।



# दुग्ध डेयरियों चिलिंग सेन्टरों पर कार्यवाही में एक दर्जन डेयरियों एवं चिलिंग सेन्टरों के लिए नमूने

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के निर्देशन में दिनांक 04 अप्रैल 2024 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रौन, मिहोना एवं लहार स्थित दुग्ध डेयरियों एवं चिलर सेंटरों पर निरीक्षण कर नमूना लिया गया। साथ ही निरीक्षण रजिस्टर रखवाकर डेयरी संचालकों को मिलावट न करने एवं साफ सफाई रखने हेतु आदेशित किया गया। जिसमें वनखंडेश्वर डेयरी उद्योग ग्राम गणेशपुरा लहार से मिश्रित दूध के चार नमूने, धाकन सिंह यादव लहार से मिश्रित दूध के चार नमूने, सत्यनारायण शर्मा डेयरी ग्राम चांदोख, मिहोना, सतेन्द्र सिंह राजावत आरके डेयरी ग्राम बिरखड़ी तहसील रौन, अरविन्द डेयरी ग्राम बहादुरपुरा तहसील रौन से मिश्रित दूध के दो-दो नमूने लेकर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त नर्मदेश्वर चिलिंग एण्ड आईस फेक्ट्री, भोलेनाथ चिलिंग सेन्टर मिहोना एवं बलवान डेयरी मछण्ड का निरीक्षण कर निरीक्षण रजिस्टर रखा गया उक्त कार्यवाही दल में रीना बंसल एवं रेखा सोनी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रही।



इसी तरह तहसील मेहगांव के अन्तर्गत नरेश सिंह पुत्र भागीरथ ग्राम सरसेड से मिश्रित दूध,घनश्याम प्रजापति ग्राम कठुवा से मिश्रित घी, महालक्ष्मी कुल्फी ग्राम कठुंवा से कुल्फी मिश्रित दूध एवं पाल डेयरी पचेरा रोड से घी गाय का दूध कर्बोनेटेड बाटर मिक्स फरूड जूस फलेवर्ल्ड मिल्क के नमूने लिए गए।

रीवा पुलिस का बड़ा खुलासा

# आईपीएल मैच में सट्टा लगाकर 95 लाख हारा था युवक, थाने जाकर लूट शिकायत की





## जांच हुई तो सट्टा किंग चढ़ा था पुलिस के हत्थे. 1 करोड़ 29 लाख हुए थे बरामद

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** पुलिस ने छापा मारकर आईपीएल में सट्टा लगाने वाले एक सटोरिए को लाखों रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। बुधवार की रात शहर के समान थाने में एक व्यक्ति फर्जी रिपोर्ट करने पहुंचा। जहां उसने खुद के साथ तकरीबन 95000 रुपए की लूट की रिपोर्ट लिखानी चाही। जब पुलिस ने उसे ठीक-ठाक से पूछताछ की तो पता चला कि वह 95000 रूपए आईपीएल सट्टे में हार गया है। युवक द्वारा बताए गए पते के बाद पुलिस में उक्त स्थान पर छापा मार कार्रवाई की। जहां सटोरिया को गिरफ्तार कर लिया साथ ही उसके पास से भारी मात्रा में नगदी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पद्मधर कॉलोनी का रहने वाला अमित आहूजा उम्र 48 वर्ष आईपीएल सट्टा खिलवाता था। बीती रात एक युवक राकेश कुमार आईपीएल सट्टे में 95000 की राशि हार गया। जिस पर वह शराब के नशे में रिपोर्ट करने थाने जा पहुंचा। पहले तो वह अपने साथ लूट की वारदात बता रहा था लेकिन जब पुलिस ने शक्ति से पूछताछ किया तो पता चला कि उसके साथ लूट नहीं बल्कि वह पैसे सट्टे में हारा है। पूरे मामले की जानकारी पुलिस कप्तान विवेक सिंह को दी। एसपी ने थाना प्रभारी हितेन नाथ शर्मा को छापा मार कार्रवाई करने के निर्देश दिया। छापे में पुलिस ने मौके से तीन बड़े ब्रीफकेस पैसे से भरे हुए बरामद किए हैं। ब्रीफकेस में एक करोड़ 29 लाख रुपए निकले हैं। पुलिस पूरे पैसे की काउंटिंग कर पकड़े गए युवक के विरुद्ध जुआ एड के तहत कार्रवाई करने तैयारी कर रही है। मुखबिर की सूचना पर खबर प्राप्त हुई थी। जिस पर कार्रवाई की गई है। पकड़े गए युवक के पास से बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ है कार्रवाई जारी है।

# जनता लूट, खसोट और भ्रष्टाचार करने वाले लोगों को पहचान चुकी हैः नीलम अभय मिश्रा

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा क्षेत्र रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा है कि यह आम चुनाव सरकार और आम जनता के बीच सीधे तौर पर हो रहा है। जनता भी अब लूट खसोट और भ्रष्टाचार करने वाले लोगों को पहचान चुकी है, तथा अब उन्हें समर्थन देने वाली नहीं। इसका ट्रेलर एक दिन पहले नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ दिखा चुकी है। जनता का रुख स्पष्ट हो चुका है लेकिन इस बीच मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि जब भी कभी वर्तमान सांसद आपसे वोट मांगने आए तो आप उनसे यह पूछिएगा कि आपने इस गांव के विकास के लिए अपने सांसद निधि से कितना रुपया दिया है। इन्होंने कहा कि सांसद का काला चिट्ठा अब खुल चुका है और जनता इन्हे अच्छे से पहचान चुकी है। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नीलम मिश्रा ने लोगों से रूबरू होने के दौरान कहा कि पिछले 10 दिनों से वह पूरे लोकसभा क्षेत्र में घूम रही है और हर जगह केवल एक शिकायत मिल रही है कि ग्रामीण इलाकों में मूलभूत समस्याओं का अभी तक निदान ही नहीं हो पा रहा । हर जगह भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आ रही हैं इसमें यह बात भी सामने आ रही है कि सत्ता से जुड़े लोगों के इशारे पर यह सब कुछ हो रहा है। इन्होंने जनता से अपील की की ऐसे लोगों को सबक सिखाना अत्यंत आवश्यक है, चाहे वह किसी भी पद पर क्यों न हो ? इन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर आप सबका आशीर्वाद मिला तो निश्चित तौर पर सरकारी धन का एक एक रुपया गांव के, क्षेत्र के विकास में ही लगेगा। इस दौरान उन्होंने सूती, घटेहा, गोंद कला आदि गांव का भ्रमण







किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शीला त्यागी और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रमाशंकर सिंह भी मौजूद रहे और इन्होंने भी जनता के सामने अपनी बातें रखी।

**सांसद जी बताएं किस गांव के विकास के लिए कितना किया गया खर्च**–रीवा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में जनसंपर्क कर रहे सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि यह चुनाव अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है। दो बार से लगातार आप लोगों ने भाजपा का सम्मान बढ़ाया और उन्हें सांसद बनाया, लेकिन इस बात की और भी आपको ध्यान देना होगा कि क्या आपकी वजह से जो सांसद बना क्या उन्होने आपके क्षेत्र के हितों की ओर ध्यान दिया। आप लोग सांसद जी से पूछिए कि केंद्र सरकार से मिलने वाली सांसद निधि का कहां-कहां प्रयोग हुआ। इन्होंने कहा कि भाजपा के लोग झूठे वादे करते हैं लोगों को बरगलाते हैं और आम आदमी की भावनाओं से खेलते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। इन्होंने अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भी आप सबने मिल कर एक इतिहास रचा था और इस बार हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र इसी प्रकार अपने जागरूकता का परिचय दे और यह बताएं कि वह किसी के झांसे में आने वाले नहीं है। विधायक अभय मिश्रा ने इस दौरान शाहपुर ब्लॉक के गांव कंजी , सांव, हिनौता , मोहरबा, खड्डा, बीरखाम सहित दर्जन भर से ज्यादा गांवो के लोगों से मुलाकात की और कहां की कहां की वह क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। जनसंपर्क और जन संवाद के दौरान काफी संख्या में क्षेत्रीय स्तर के कांग्रेस नेता कार्यकर्ता और मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित मंगलवार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को, दूसरे चरण में 7 लोकसभा सं सदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे। श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मंडला (अजजा), बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 18 अप्रैल एवं मतदान तिथि 19 अप्रैल को प्रकाशित।

# 100 मिनट में होगा मोबाईल एप सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित घटना की फोटो, ऑडियो और वीडियो सीधे भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेज सकता है। इस एप के माध्यम से की गई शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय के कंट्रोल रूम में भी दिखाई देगी। इस मोबाईल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायत का निराकरण 100 मिनिट के भीतर किया जायेगा। सी-विजिल मोबाईल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति गोपनीय तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करने वाली गतिविधियों, आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना, फोटो, ऑडियो एवं वीडियो के साथ बिना अपनी पहचान उजागर किये प्रेषित कर सकेगा। यह एप सिर्फ आदर्श आचरण संहिता लागू होने की अवधि में ही सक्रिय रहेगा। सी-विजिल मोबाईल एप एक नई प्रणाली है। इस मोबाईल एप को कोई भी व्यक्ति अपने एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर सकता है। इस एप के माध्यम से आम नागरिक भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान खरगोन जिले की सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों से मोबाईल एप सी-विजिल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों पर निगरानी रखने और उनके निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में अलग से एक कक्ष बनाया गया है। 16 मार्च 2024 को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से अब तक इस एप पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा 100 मिनट के भीतर निराकरण कर दिया गया है।

## महिलाओं ने दशा माता की पूजा-अर्चना

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पूणे- शहर के बिबवेवाड़ी आईमाता वडेर प्रांगण में महिलाओं ने गुरूवार को दशा माता का व्रत रखा। सोलह श्रंगार में सज-धज कर मंगत गीत गाती हुई महिलाएं पीपल वृक्ष का पूजन किया। उसके बाद महिलाओं ने कच्चे सूत को पीपल पेड़ के तने के चारों तरफ लपेट कर पूजन किया। कच्चे सूत के दस तार से दश गांठ लगाकर बने धागे को गले में धारण किया। उसके बाद महिलाएं दशा माता की कथा सुनने के बाद दान पुण्य किया। दशा माता की पूजा-अर्चनाकर कर परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ज्योति गेहलोत, रेखा चोयल, प्रियंका गेहलोत, मंजू गेहलोत, शांति राठौड़, लिला परिहार, सुखीया परमार, सोनीबाई परमार, निर्मला, सुशीला मुलेवा, कन्या चोयल, विध्या काग, गंगादेवी काग सहित बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद थी। ये जानकारी जीवाराम सेपटा द्वारा दी गई।



## पान के बराज में लगी आग, 100 पारी जलकर हुआ खाक, मौके पर पहुंचा राजस्व का अमला



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** गुड़ तहसील अंतर्गत भीटी गांव में आज दोपहर 2 बजे अज्ञात कारणों से पान के खेत में आग लग गई। आग लगने से लगभग 100 पारी में लगी लाखों रुपए कीमत की पान की फसल जलकर नष्ट हो गयी। ग्रामीणों एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। दोपहर खेत पर गए किसानो ने फसल को जलते देख ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया अग्निकांड की सूचना अग्निशमन दल को भी दी गई। कुछ ही देर में पहुंचे फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपए की पान की फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस आगजनी की घटना में लगभग 20-21 किसानों के पान की खेती जलकर नष्ट हो गई है।

**मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारी**–जब इस संबंध में गुड़ तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जानकारी लगते ही राजस्व के कर्मचारियों को भेज कर मौका मुआयना करवा कर पंचनामा बनवाया गया लगभग 20-21 किसानों का नुकसान हुआ है डॉक्यूमेंट तैयार करके शासन की तरफ से पीड़ितों को राहत राशि दी जाएगी।

## जनेह थाना प्रभारी के बड़ी कार्यवाही में पकड़ी गई चंद्रपुर कंपोजिट शराब दुकान से पैकारी करते बेलेरो वाहन सहित अवैध शराब

**जनेह पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, शराब माफियाओं में दहशत का माहौल**



रीवा(पुष्पांजली टुडे)। पूरे रीवा जिले से लगातार कंपोजिट शराब दुकान के द्वारा गांव गांव में पैकारी करायी जा रही है जिसकी लगातार खबरे प्रकाशित भी होती रहती है लेकिन कभी कार्यवाही नही होती है इसी कड़ी में आज जनेह थाना प्रभारी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए चंद्रपुर कंपोजिट शराब दुकान से पैकारी के लिए शराब ले जा रहे थे जिसकी जानकारी लगते ही जनेह थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने शराब सहित बोलेरो वाहन को पकड़ जनेह थाना में खड़ा कर कागजात मांगे गए लेकिन कोई बैध कागजात नही पाये जाने पर कार्यवाही की गयी।

## साहू समाज ने हर्ष उल्लास से मनाई मां कर्मा देवी जयंती



**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** कठाली बाजार स्थित श्री बिहारी जी के मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी बड़ी धूमधाम से मनाई गई सुबह पूजा अर्चन कर हवन पूर्णाहुति कर आरती एवं तत्पश्चात प्रसादी वितरण की गई एवं साहू समाज के वरिष्ठ जन बनवारी लाल साहू, नारायण दाससाहू, हरिशंकर साहू आशाराम साहू चंद्र प्रकाश साहू समाज अध्यक्ष पंकज साहू आदि के द्वारा द्वारा गत वर्ष उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अंकित साहू द्वारा किया गया तथा महिलाओं द्वारा सुंदर भजनों का आनंद लिया एवं रंग गुलाल तथा फूलों की होली भी खेली गई एवं शिशु मंदिर रोड स्थित साहू धर्मशाला मैं दोपहर से देर रात्रि तक भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सामाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की इस दौरान बलिराम साहू पप्पू साहू रामबाबू साहू रूसल्लीघाट रामकिशन साहू ओमप्रकाश साहू पहलवान साहू प्रमोद साहू पत्रकार रामबाबू साहू अकाउंटेंट मुन्ना लाल साहू नितिन साहू युवा मंडल में कमलेश साहू सतीश साहू मोहन साहू सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे

## उमरी चेक पोस्ट पर कार्यवाहीः बोलेरो गाड़ी से पुलिस ने 1 लाख 20 हजार रुपए किए बरामद





रीवा (पुष्पांजली टुडे)। बोलेरो गाड़ी से पुलिस ने 1 लाख 20 हजार रुपए बरामद किए हैं रीवा के उमरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने यह कार्यवाही की जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए पुलिस ने जिले में कई चेक पोस्ट बनाए हैं जहां सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज चोरहटा पुलिस ने शिव बहादुर सिंह पिता स्वर्गीय हनुमान सिंह गहरवार ग्राम किरहाई पोस्ट अहीरगांव जिला सतना के गाड़ी नंबर एमपी 19 सीबी 9672 से 1 लाख 20 हजार रुपए बरामद किए हैं। रीवा की तरफ आ रही बोलेरो को जब पुलिस ने रुकवाया तो चेकिंग के दौरान शिव बहादुर सिंह की बोलेरो गाड़ी में रखे बैग से कैश बरामद हुए चोरहटा पुलिस ने नगदी रकम को जप्त कर निर्वाचन आयोग को भेज दिया है पुलिस हर आने जाने वाली गाड़ी की जांच पड़ताल कर रही है बिना जांच के किसी भी गाड़ी को जिले के अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है पूरी कार्यवाही के दौरान एसएसटी और एफएसटी अधिकारी डॉक्टर महानंद द्विवेदी, डॉक्टर अवनीश द्विवेदी, एस आई संतोष सिंह, आरक्षक शिव मूर्ति मिश्रा ,पंकज मिश्रा मयंक शुक्ला, वनकर्मी अवध लाल मौजूद रहे।

# मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा जैसी

### श्रेष्ठ कर्म ही मोक्ष प्राप्ति का साधनः दशरथ नंदन द्विवेदी









**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** महावीर भवन कंपू में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह मैं भागवत आचार्य श्री दशरथ नंदन द्विवेदी जी ने कहा कि संसार में मनुष्य को सदा अच्छे कर्म करना चाहिए, तभी उसका कल्याण संभव है। माता-पिता के संस्कार ही संतान में जाते हैं। संस्कार ही मनुष्य को महानता की ओर ले जाते हैं। श्रेष्ठ कर्म से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। अहंकार मनुष्य में ईर्ष्या पैदा कर अंधकार की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि श्लोक कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेसु कदा चनिः। मनुष्य को सदा सतकर्म करना चाहिए। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। जिसमें भजन अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है पर भाव विभोर हो गये उन्होंने कथा के दौरान बताया कि श्रृंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिए तक्षक नामक सांप भेष बदलकर राजा परिक्षित के पास पहुंचकर उन्हें डस लेते हैं और जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है और मृत्यु हो जाती है। लेकिन श्रीमद् भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय क्रोधित होकर सर्प नष्ट हेतु आहुतियां यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाता है, तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जन्मेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि कथा के श्रवण प्रवचन करने से जन्मजन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णुलोक की प्राप्ति होती है इस अवसर पर कथा परीक्षित हरिशंकर शारदा गुप्ता दर्शन लाल संतोष लाल विमल अमृतलाल इंदिरा सुनील दाताराम घनश्याम सुरेश चंद्र प्रदीप प्रीति मनीष विनीता कमल गौरव प्रमोद अरविंद और गुंजन गुप्ता ने श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा की आरती की उसके उपरांत प्रसादी वितरण किया गया

# मन में कुछ विशेष पाने की इच्छा न रखें



आध्यात्मिक मार्ग पर यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप किसी विशेष जगह पहुंचने का प्रयत्न न करें, क्योंकि जैसे ही आप कुछ विशेष पाना चाहेंगे, आपका मन 'वह विशेष स्थान' बनाने लगेगा। आप अपना खुद का निजी स्वर्ग ही बना लेंगे। आध्यात्मिक प्रक्रिया का अर्थ यह नहीं है कि आप वहम, मतिभ्रम के एक स्तर से निकल कर दूसरे स्तर पर पहुंच जाएं। यह इसलिए है कि आप अपने सारे वहम, सारे मतिभ्रम बिलकुल ही छोड़ दें, पूर्ण रूप से त्याग दें और वास्तविकता को उसी रूप में स्वीकार करें, जैसी वह है क्योंकि ये सारे प्रयत्न सत्य के बारे में हैं।सत्य का अर्थ है, जो अस्तित्व में है, न कि वह जो आप अपने मन में बना लेते हैं। हम अपने मन में भगवान या शैतान देख सकते हैं– दोनों का ही महत्व नहीं है। आप जो कुछ देखते हैं, वह आपकी संस्कृति पर निर्भर करता है, और उन चीजों पर भी जिनका अनुभव आपको हुआ है। जब आप लोगों को देखते हैं तो उनमें भगवान को देखते हैं या शैतान को– ये इस पर निर्भर करता है कि आप आशावादी हैं या निराशावादी। इसका संबंध वास्तविकता से नहीं होता। वास्तविकता तो ये है कि अभी आप यहां हैं और आपको ये भी नहीं पता कि आप किस कारण से यहां हैं, कहां से आए हैं और कहां जाएंगे यही जीवन की वास्तविकता है।वास्तविकता के साथ जीना सीखना सबसे महत्त्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना-मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दें और हरेक चीज को वैसे ही देखें जैसी वह है, तो मुक्ति आपसे बस एक कदम ही दूर है। आप को कुछ भी नहीं करना है, समय ही सब कर लेगा। समय आप को किसी और तरह से परिपक्व कर देगा।आप को बस अपने आप को ऐसे बनाना है कि आप कोई कल्पनाएं न करें, अच्छी या बुरी। आप कोई भगवान या शैतान न बनाएं, स्वर्ग और नर्क, अच्छा और खराब न बनाएं। ऐसा कुछ भी न हो कि, 'मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूं, उसे नहीं करता।' आप हर चीज को उसी तरह से देखना सीख लें, जैसी वह है, बस यही सब कुछ है। किसी खास समय पर, कुछ विशेष गतिविधि के लिए, हमें चीजों को एक विशेष रूप में देखना पड़ सकता है। बाकी समय आप उन्हें बस वैसी ही देखिए, जैसी वे हैं।

# शांति और संतुलन जीवन के सुंदरतम गुण हैं

मानसिक अशांति का सर्वोत्तम उपचार है, शांति को विकसित करना। जो व्यक्ति स्वभाव से ही शांत हो, वह किसी भी परिस्थिति में अपना विवेक, न्याय की पहचान अथवा हास-परिहास का स्वभाव नहीं खोता। वह हमेशा सच्चाई को, भावनाओं या इच्छाजनित धारणा से अलग कर सकता है। अनुचित तरीकों से, कमाए बिना प्राप्त की गई संपत्ति के लिए, असंभावित योजनाएं प्रस्तुत करने वाले बेईमान व्यक्तियों की मीठी वाणी भी उसको उसके पथ से भ्रष्ट नहीं कर सकती। वह अपने शरीर के ऊतकों को क्रोध अथवा भय से विषैला नहीं करता, जो रक्त संचार के प्रवाह पर उल्टा प्रभाव डालते हैं। यह एक प्रमाणित तथ्य है कि क्रोधी माता का दूध उसके बच्चे पर हानिकारक प्रभाव डाल



सकता है। यह जानने के लिए और अधिक प्रभावशाली प्रमाण की क्या आवश्यकता है कि उग्र भावनाएं अंतत निकृष्टतम स्तर तक शरीर का विनाश कर देंगीसंतुलन रखना एक सुंदर गुण है। हमें अपने जीवन को एक त्रिभुज रूपी दिशानिर्देशक के अनुरूप ढालना चाहिए, जिसकी दो भुजाएं शांति और मधुरता हैं तथा प्रसन्नता जिसका आधार है। व्यक्ति को प्रतिदिन स्वयं को याद दिलाना चाहिए, 'मैं शांति का राजकुमार हूं, और संतुलन के सिंहासन पर बैठकर अपने कर्म-साम्राज्य का निर्देशन कर रहा हूं।' चाहे कोई शीघ्रता से कार्य करे या मंदगति से, चाहे एकांत में या लोगों की भीड़ में, उसका केंद्र सदा शांत एवं संतुलित रहना चाहिए। क्राइस्ट इस आदर्श के एक उदाहरण हैं। उन्होंने सर्वत्र शांति प्रदर्शित की थी। ईश्वर सर्वव्यापक हैं। वे ग्रहों, आकाशगंगाओं को नियंत्रित करते हैं; फिर भी वे विचलित नहीं होते। यद्यपि वे इस संसार में हैं तथापि वे संसार से परे भी हैं। हमें उनकी प्रतिरूपता और सादृश्यता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। हमें बारंबार ध्यान करना चाहिए और उससे प्राप्त उत्तरोत्तर शंति के प्रभाव को बनाए रखना चाहिए। हमें प्रेम, अच्छाई और सामंजस्यता के विचारों को अवश्य प्रसारित करते रहना चाहिए।

# हमें औरों के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए

कोई इनसान जब अपनी जिंदगी जीता है, तो उसे कई चीजों का सामना करना पड़ता है। हमारा मेल-मिलाप अलग-अलग तरह के लोगों के साथ होता है और हम ऐसी कई परिस्थितियों में से गुजरते हैं, जिनमें हमें निर्णय लेने होते हैं। ज्यादातर हम ऐसे निर्णय लेने की कोशिश करते हैं, जिनसे हमारा फायदा हो। हम भूल जाते हैं कि हमें औरों के बारे में भी कुछ सोचना चाहिए।महापुरुष हमें समझाते हैं कि हम जो भी कार्य करें, उसमें देखें कि किसी को तकलीफ तो नहीं हो रही है, किसी का हक तो नहीं मारा जा रहा है, किसी का पैसा तो नहीं लिया जा रहा है। हमारी पूरी कोशिश यही होनी चाहिए कि हम जो भी कार्य करें, उन सबमें हम औरों का खयाल करें। लेकिन ज्यादातर इनसान ऐसा नहीं करते। बहुत-सी बार जब हम कोई फैसला लेते हैं, तो हम यह नहीं सोचते कि जितने लोग फैसले से जुड़े हुए हैं, उन सबको फायदा हो। हम सोचते हैं कि हमें फायदा होना चाहिए, चाहे औरों को तकलीफ हो, तो भी कोई बात नहीं। हम देखते हैं कि घर-घर में संपत्तियों के झगड़े होते हैं। माता-पिता की मृत्यु होती है, तो भाई-बहन लड़ाई करना शुरू कर देते हैं कि यह वाली मंजिल मेरी है। यह मेरा होना चाहिए। इसमें मेरा हिस्सा ज्यादा होना चाहिए। ज्यादातर, कोई एक संपत्ति हड़प कर बैठ जाता है, दूसरे को हिस्सा नहीं देता। रोजाना हम देखते हैं कि इनसान छोटे-छोटे झगड़ों में पड़ जाता है और उनका समाधान सही तरीके से नहीं करता।महापुरुष हमें समझाते हैं कि जब भी ऐसी परिस्थिति आए, हमें यही कोशिश करनी चाहिए कि निर्णय ऐसा हो, जिससे सबको फायदा हो। जब हम किसी की मदद करते हैं, तो परमात्मा



हमारी मदद अपने आप करता है। जब हम किसी का हक नहीं मारते, तो जो हमें मिलना है, उससे कई गुणा ज्यादा हमें वैसे ही मिल जाता है। लेकिन जब हम कुछ हड़प करने की कोशिश करते हैं, तो उसका भुगतान हमें जरूर करना पड़ता है– चाहे वह इस जिंदगी में हो, चाहे वह किसी और जिंदगी में हो। इसीलिए बार-बार महापुरुष समझाते हैं कि हम सच्चाई की जिंदगी जिएं। ऐसी जिंदगी जिएं, जिसमें हम औरों के मददगार हों, ऐसी जिंदगी, जिसमें हम औरों का हक न मारें, ऐसी जिंदगी, जिसमें हम प्रेम से जिएं, पर उसके लिए हमें धैर्य चाहिए, हिम्मत चाहिए।

# राजकुमार सिद्धार्थ से बुद्ध बनने की यात्रा



जीवन में कुछ पाने के लिए यात्रा करनी होती है। यह भीतर और बाहर दोनों स्तरों पर होती है। लेकिन जब यह यात्रा भीतर होती है तो यह स्वयं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के कल्याण की यात्रा बन जाती है। इस यात्रा से ही एक राजकुमार समस्त मानव जाति का उद्धारक बन जाता है भगवान बुद्ध से किसी ने पूछा, 'आप अपना राजमहल, पत्नी और पुत्र छोड़कर संन्यासी क्यों हो गए क्या आपको राज्य के प्रति, अपनी पत्नी, माता-पिता और अपने शिशु पुत्र के प्रति अपने दायित्वों और जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करना चाहिए' बुद्ध ने उत्तर दिया, 'मैं आपसे एक प्रश्न पूछता हूं। अगर आपके घर में आग लग जाए तो आप सहज रूप से क्या करेंगे क्या तुम जल्दी से जल्दी घर से बाहर नहीं कूद जाओगे' बुद्ध ने आगे कहा, 'मैंने यही किया है। मुझे हर तरफ मौत की लपटें दिख रही थीं। मौत मेरे चारों ओर मंडरा रही थी, मुझे छलांग लगानी पड़ी। मैं बाहर गया और उस जगह की तलाश की, जहां मैं अपने दिमाग को मौत के हमले से बचा सकूं।एक राजकुमार के रूप में, सिद्धार्थ के पास वह सब कुछ था, जिसका सपना कोई भी देख सकता है। उसके आसपास सैकड़ों स्त्रियां थीं; उत्तम भोजन और पेय, सर्वोत्तम वस्त्र और उस समय की सबसे आकर्षक रूप से सुंदर महिला, राजकुमारी यशोधरा, उनकी पत्नी के रूप में। जिस दिन उनके बेटे राहुल का जन्म हुआ, सिद्धार्थ के पिता को राहत मिली। ऐसा इसलिए है, क्योंकि राज ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी कि सिद्धार्थ या तो सम्राट बनेंगे या भिक्षु। और चूंकि सिद्धार्थ उनका इकलौता पुत्र था, इसलिए राजा ने अपने महल में ऐसा माहौल बनाने का फैसला किया था कि उनके बेटे को कभी कोई दुख, कोई दर्द या बीमारी नहीं दिखे, जो मृत्यु और जीवन के बाद के विचारों को भड़का सके।इसलिए उसने ऐसी विस्तृत व्यवस्था की कि पूरा महल एक बड़े मनोरंजन स्थल में बदल गया। महल में किसी भी बूढ़े या बीमार व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं थी, सभी नौकर युवा और सुंदर थे और राजकुमार के मनोरंजन के लिए सभी बेहतरीन संगीतकारों और नर्तकियों को आमंत्रित किया गया था। राजकुमार जवान, बलवान और रूपवान था। वह सबसे अच्छा तीरंदाज, महान खिलाड़ी था, और वह सुंदर गाता और नाचता भी था। सिद्धार्थ के पिता को पूर्ण विश्वास हो गया कि उनका पुत्र गृहस्थ हो गया है; जिसने दुनिया की सारी दौलत और सुख दिया; वह साधु बनने के बारे में कभी नहीं सोचेगा।थोड़ी राहत महसूस करते हुए, पिता ने नियमों को थोड़ा ढीला कर दिया। और एक दिन राजकुमार ने उससे कहा, 'मैंने अपना शहर कभी नहीं देखा, कृपया मुझे बाहर जाने की अनुमति दें।' पिता ने कहा, 'जरूर, तुम जा सकते हो।' वे अपने नौकर और मित्र चन्ना के साथ निकल पड़े। अपने जीवन में पहली बार राजकुमार को महल की दीवारों से परे जीवन का अनुभव करने का मौका मिला। महल से बाहर आने पर एक वृद्ध, रोगी और मृत व्यक्ति को देखकर राजकुमार को जीवन के सत्य का अनुभव हुआ।महल से बाहर ही अपने जीवन में पहली बार राजकुमार ने एक साधु, एक संत को एक पेड़ के नीचे ध्यान करते हुए देखा। उनका चेहरा शांत और मौन था। राजकुमार ने चन्ना से पूछा, 'यह क्या कर रहा है कौन है यह' चन्ना ने कहा, 'वह साधु है, जो साधना कर रहा है।' राजकुमार ने कहा, 'क्या वह मृत्यु, बीमारी और बुढ़ापे से नहीं डरता' चन्ना ने कहा, 'नहीं राजकुमार, इस आदमी को सच्चाई मिल गई है और इसलिए अब यह निडर है। वह जानता है कि सत्य क्या है, इसलिए उसके पास कोई महल, पत्नी या बच्चा नहीं है, लेकिन उसके पास जो है, वह मन की शांति है। उनके पास दिव्य प्रकाश भी है इसलिए वे शांत, प्रसन्न और आनंदित है।'राजकुमार वापस महल में आया और अपने कमरे में चला गया, लेकिन उस रात उसे नींद नहीं आई। वह अपने दिमाग में उन सभी दुखद दृश्यों को दोहराता रहा, जो उसने देखे थे। वह उस पर विचार कर रहा था और फिर उसने निर्णय लिया, 'मुझे इन सभी सवालों के जवाब चाहिए बुढ़ापा क्यों आता है मृत्यु क्यों आती है हम मृत्यु के बाद कहां जाते हैजब हम जन्म लेते हैं तो हमारे साथ क्या होता है हम कहां से आते हैं सच क्या है क्या सच नहीं है यह दुनिया क्यों मौजूद है और इसके अस्तित्व के पीछे क्या कारण हैउस रात, सिद्धार्थ ने अपना महल छोड़ दिया। उसने अपनी पत्नी और अपने बेटे को छोड़ दिया। उसने सारी दौलत और अपनी शाही हैसियत छोड़ दी। उसने सब कुछ पीछे छोड़ दिया। उसने अपने आप से कहा, 'यदि मृत्यु मुझसे सब कुछ छीनने जा रही है, तो बेहतर होगा कि मैं इसे अभी छोड़ दूं। मुझे उसकी तलाश करनी है जो हमेशा मेरे साथ रहेगा।' और इस वैराग्य के साथ, सिद्धार्थ बुद्ध बनने के लिए ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास की आंतरिक यात्रा पर निकल पड़े।

# अहंकार से मुक्ति का माध्यम है भक्ति



साधक गिर सकता है, क्योंकि उसको आखिरी कदम अंत में उठाना है, उसके पहले तक गिर सकता है। भक्त के गिरने का कोई उपाय नहीं, क्योंकि वहां आखिरी कदम पहले ही उठाना है। साधक अपने अहंकार को छोड़ेगा, जब सब साध लेगा। लेकिन क्या गारंटी है कि छोड़ पाएगा? एक साधक अपनी योग साधना और समाधि के कारण भीतर से भरा-पूरा होता है। यही भरापन उसके भीतर अहंकार पैदा करता है। लेकिन एक भक्त भीतर से खाली होता है। उसका अपना कुछ नहीं होता। उसका यही खालीपन उसमें अहंकार नहीं आने देता। एक भक्त की भक्ति ही उसके अहंकार का मुक्ति द्वार हैकबीर कहते हैं 'राम सनेही ना मरै।' कबीर कोई साधारण भक्तों की बात नहीं कर रहे हैं। और राम तो केवल कहने का ढंग है। राम-स्नेही तो कहने की एक व्यवस्था है। वे तो केवल इशारे के लिए शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। प्रेम में न तो कोई राम है और न कोई राम-स्नेही है; न तो कोई भगवान है और न कोई भक्त है। वहीं तो राम प्रकट होता है– जहां भक्त और भगवान का द्वैत मिट जाता है–कि न तो कोई पूजा करने वाला है और न कोई आराध्य है। भक्त भी खो गया, भगवान भी खो गया। उस क्षण जो सरिता बहती है, दोनों कूलों को स्पर्श करती हुई, वह है राम-स्नेह। उसकी कोई भी मृत्यु नहीं है, क्योंकि जो मर सकता था, वह सब मर गया। सूक्ष्मतम अहंकार बच सकता था अनुभव के साथ, वह भी नहीं बचा। वह भी मर गया।भक्त के पास कुछ भी तो नहीं है– न योग है, न समाधि है, न चमत्कार है, भक्त के पास कुछ भी नहीं। भक्त पूर्ण असहाय है। भक्त पूर्ण कोरा, खाली है; खालीपन भी नहीं है, क्योंकि उसका भी उसे कोई अनुभव नहीं है। रो-रो कर विरह में, अपने को ढाल-ढाल कर, मिटा-मिटा कर वह पूरी तरह खो गया है। कोई रूप-रेखा भी नहीं बची है। उसका कोई चिह्न भी नहीं छूट गया है। इसलिए तो कबीर कहते हैं कि मरता तो सारा संसार है, लेकिन कोई ठीक से मरना नहीं जानता, क्योंकि जो ठीक से मर जाए तो फिर दुबारा मरना न हो–'फिर बहुरि न मरना होय हो।' सिर्फ एक सयानी मौत अपनी हुई, भक्त की हुई, कबीर की हुई। और सयानी मौत इसलिए कि जान कर हम मरे।मरने को हमने एक कदम बनाया। जीवन-यात्रा के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने को मृत्यु को हमने सीढ़ी बनाया। इधर हम मरे, जैसे बूंद मिटती है और उधर हम सागर हुए। और जो खुद ही मर गया...। और भक्त वही है, जिसने परमात्मा के चरणों में अपने को मृतक की तरह डाल दिया हो; जो जीते-जी मर गया हो; जिसने कह दिया हो, अब मैं नहीं हूं, तू ही है; और फिर जिसके भीतर मैं का स्वर न उठता हो; जिसका अपना होना न रहा हो और जो अपने हाथ मर गया– उसकी फिर कोई मृत्यु नहीं है। फिर बचे ही नहीं तुम, मरेगा कौन? साधक मरेगा, क्योंकि साधक अकड़ा हुआ साध रहा है, तपश्चर्या कर रहा है, जोग-जुगत, बड़े उपाय कर रहा है, तंत्र-मंत्र, चारों तरफ जाल खड़ा कर रहा है–अभी है। लेकिन भक्त जा चुका। साधक अंत में जाता है, भक्त पहले चरण में चला जाता है। इसलिए साधक अंत तक गिर सकता है। साधना भ्रष्ट हो सकती है। तुमने 'योगभ्रष्ट' शब्द सुना होगा, तुमने 'भक्तिभ्रष्ट' शब्द सुना वैसा कोई शब्द ही नहीं।साधक गिर सकता है, क्योंकि उसको आखिरी कदम अंत में उठाना है, उसके पहले तक गिर सकता है। भक्त के गिरने का कोई उपाय नहीं, क्योंकि वहां आखिरी कदम पहले ही उठाना है। साधक अपने अहंकार को छोड़ेगा, जब सब साध लेगा। लेकिन क्या गारंटी है कि छोड़ पाएगा और जितना अहंकार सूक्ष्म होता है, उतना ही रसविमुग्ध करता है। जितना सूक्ष्म होता है, उतना ही प्यारा लगता है। जितना सूक्ष्म होता है, उतना ही उसके चारों तरफ एक मधुरता का स्वाद फैल जाता है।तुम्हारा अहंकार तो कड़वा है, उसको भी तुम छोड़ नहीं पा रहे हो। जहर है, उसको भी नहीं छोड़ पा रहे हो– तो जब तुम योग साधना की अंतिम अवस्था में पहुंचोगे, जहां अहर्निश तुम्हारे चारों तरफ आनंद की वर्षा हो रही होगी, वहां तुम कैसे अपने को छोड़ पाओगे जब जहर था, तब न छोड़ा और अब तो अमृत जैसा लगेगा। योग की साधना के अंतिम चरण में वह घड़ी आती है, जहां निर्णय लेना है। वह जो सुख का आधार बन गया है, अहंकार, उसे छोड़ना है। इसलिए योग से भ्रष्ट होते हुए लोग देखे जाते हैं, भक्ति से कोई कभी भ्रष्ट नहीं होता। क्योंकि अगर भ्रष्ट होना हो तो पहला कदम ही नहीं उठ सकता; वह भक्त होने के पहले ही वापस लौट जाएगा।भक्त होने के बाद लौटने का उपाय नहीं है, क्योंकि भक्ति कहती है मर जाओ, एक बार मर ही जाओ। दिन में सौ-सौ बार क्या मरना। अपने 'मैं' को एक बार खत्म करो। एक बार मर जाओ और छूट जाएगा सारा जंजाल।

# मां-बेटी का रिश्ता अनमोल फिर क्यों आ जाती हैं दूरियां?



मां बेटी का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल होता है। बेटी को मां की ही छवि माना जाता है क्योंकि वो उन्हीं से सारे गुण व आदतें सीखती हैं। साथ ही एक मां में बेटी अपना दोस्त, हमदर्द भी ढूंढ लेती हैं। वहीं, बेटी के रूप में एक मां अपना बचपन दोबारा जी लेती हैं। मगर, कई बार मां-बेटी के रिश्ते में जरा-सी नौंक-झौंक भी हो जाती है जो धीरे-धीरे उनके बीच दूरियां बढ़ा देती हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।

### उम्र के पहले जिम्मेदारियों का अहसास

अक्सर मांएं अपनी बेटियों को बचपन से ही जिम्मेदारियों का अहसास करवाने लगती हैं। उन्हें बचपन से ही जताया जाता है कि उन्हें दूसरे घर जाना है इसलिए काम करो। इसके कारण बच्चियां अपना बचपन खो देती हैं और मां से दूरी भी बना लेती हैं।

### बेटी पर विश्वास न करना

अगर बेटी मां-पिता की इज्जत का ख्याल रख रही हैं तो जाहिर है वो आपसे भरोसे की उम्मीद भी रखेगी। बेटियाँ भी चाहती हैं कि घर के लोग उन पर भरोसा करें मगर, जब आप, खासकर मां और एक औरत होकर जब आप अपनी बेटी पर विश्वास नहीं करती तो उनका मनोबल टूट जाता है। इसके कारण वो आपसे कटी-कटी रहने लगती हैं। और ये एक बहुत अहम् वजह है कि बेटियाँ अपनी माँ से दूर हो जाती हैं।

### रोक-टोक करना

बेशक बेटी को सही गलत का एहसास करवाना पेरेंट्स की जिम्मेदारी है लेकिन कई आपकी चिंता इतना ओवरप्रोजेसिव हो जाती है कि लड़कियां इन्हें बाउंडेशन समझ लेती हैं। अब अगर कोई बेटियों के मन की बात ना समझ पाए तो दूरियां जायज है।



### बात-बात पर कमियां निकलना

हर छोटे-मोटे काम पर बेटियों की कमियां ना गिनवाए और ना ही दूसरों से तुलना करें। आपका यह व्यवहार उनका मन खराब कर देता है और प्यार की जगह नफरत उनके मन में घर कर लेती है। इससे मां-बेटी की बीच दूरियां भी आ जाती हैं।

### बेटी और बेटे में फर्क करना

समय भले ही बदल चुका हो लेकिन बेटी और बेटे के बीच आज भी दीवार खड़ी कर दी जाती है। इसके कारण बेटी के मन में हीनभावना जन्म ले लेती है और वो मानसिक तौर पर अलग हो जाती है।

### मन की बात ना समझना

बेटियों को रोकना टोकना हर घर की बात है। और इसी रोक टोक की वजह से कई बार बेटियाँ अपनी माँ से दूर होती जाती हैं। बेटियों की मन की बात अगर मां ही न समझ पाए तो ये दूरियां जायज है। इसलिए अत्यधिक रोक टोक पर बेटियां अपनी मां से थोड़ी दूरी बना लेती हैं। अगर आप अपनी बेटी के साथ रिश्ता मजबूत बनाना चाहते हैं तो ये गलतियां ना दोहराएं। हर बेटी को घर में वो प्यार मिलना चाहिए जिसकी वो हकदार है।

## अगर आप भी अपने बच्चे की कम हाइट से हैं परेशान तो उन्हें

# रोजाना कराएं ये आसन



बच्चे खाने के मामले में बहुत आनाकानी करते हैं। मगर इससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास में रूकावटें आने लगती है। इसके अलावा कई बच्चों की हाइट भी कम रह जाती है। मगर असल में, हाइट यह एक उम्र के बाद बढ़ने बंद हो जाती है। ऐसे में कई पेरेंट्स इसके डर के कारण बच्चों को हाइट बढ़ाने की दवाइयां खिलाने लगते हैं। मगर इससे सेहत के खराब होने की परेशानी हो सकती है। ऐसे में आप चाहे तो बच्चे की डेली रूटीन में योगासन को जोड़ सकते हैं। इसे करने में बॉडी की अच्छे से स्ट्रेचिंग होती है। ऐसे में बच्चे की नेचुरल तरीके से हाइट बढ़ने के साथ सेहत दुरुस्त रहने में भी मदद मिलेगा।

### ताड़ासन

1. सबसे पहले खुली जगह पर एकदम सीधे खड़े हो जाएं।
2. दोनों हाथों की उंगलियों को बीच में फंसाकर या हाथों को नमस्कार की मुद्रा में रख कर ऊपर की तरह करें।
3. धीरे-धीरे एड़ियों को उठाकर शरीर का सारा भार पंजों पर डालें।
4. इसी मुद्रा में खड़े रहकर पूरे शरीर को स्ट्रेच करें।
5. फिर गहरी सांस लें।
6. थोड़ी देर बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
7. इस आसान को 4-5 बार करें।

इससे हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी। पूरे शरीर में मजबूती आएगी।

### वृक्षासन

1. इस आसन को करने के लिए खुली जगह पर सीधे खड़े हो जाएं।
2. दाहिने पैर को अपने बाएं पैर पर रखें।
3. दोनों हाथों को नमस्ते की मुद्रा में रखकर ऊपर ले जाएं।
4. एक पैर से बैलेंस बनाएं।
5. थोड़ी देर इसी मुद्रा में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।
6. इसके बाद दूसरे पैर से इस योगासन को करें।

इससे रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होगी। पैरों व हाथों की मांपेशियों में खिंचाव होने से हाइट बढ़ने में मदद मिलेगी।



### योगासन करने के अन्य लाभ

- पूरे शरीर में खिंचाव होने से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी।
- पाचन तंत्र दुरुस्त होकर पेट संबंधी समस्याएं दूर होगी।
- दिमाग शांत होने से स्मरण शक्ति बढ़ेगी।
- कमजोरी, थकान व आलस दूर होकर दिनभर तरोताजा महसूस होगा।
- शरीर में खून का संचार बेहतर होने में मदद मिलेगी।
- इम्यूनिटी बूस्ट होने से मौसमी व अन्य बीमारियों से बचाव रहेगा।



कुछ साल पहले टेलीविजन मनोरंजन का एक मात्र जरिया था। लेकिन समय के साथ-साथ मनोरंजन के विकल्प बढते गए। पहले बच्चे अपना अधिकतम समय कहानी सुन कर या खेल खुल कूद में बिताया करते है। परंतु आज वे टीवी देखते हुए अन्य कंप्यूटर खेल को खेल कर बिताना पसंद करते हैं। वे अपने शरीर को बिल्कुल भी हिलाना पसंद नहीं करते। कभी-कभी वे दवा के डर से समस्या को बताते ही नहीं है। परंतु माता-पिता होने के नाते उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए साल में एक बार अपने बच्चे के पूरे शरीर की जांच कराना बहुत जरूरी है। यदि आपको लगता है कि आपके बच्चे की नजर कमजोर हो रही है। पता लगाने के लिए नीचे दिए गए लक्षणों पर ध्यान दें। यदि इन्में से कुछ लक्षण आपके बच्चे में मौजूद हैं तो तुरंत उसके आंखों की जांच कराएं।



# बच्चों की नजर कमजोर होने के 10 लक्षणों को जानें

### आंखों को मलना

बच्चों को नींद में अपनी आंखों को मलने की आदत होती है। लेकिन, अगर आपका बच्चा दिन भर आंखे मलता रहता है तो यह एक कमजोर नजर की निशानी हो सकती है।



### सर दर्द

सर दर्द के कई कारण होते हैं। लेकिन अगर टीवी देखते हुए या पढाई करते हुए उसे सर दर्द हो रहा है या रोज शाम को सर दर्द की शिकायत हो। तब समझ लें कि आपके बच्चे को चिकित्सा की आवश्यकता है।

### एक आंख बंद करता

यदि आपका बच्चा एक आंख बंद करके टीवी देखने लगे या वीडियो गेम खेलने लगे तब समझ जाएं कि उसे चश्मा लगने वाला है।

### तेज रोशनी में पलके झपकना

क्या आपके बच्चे को उजाले से परेशानी होती है? या तेज रोशनी देखकर वह अपनी पलकों को तेजी से झपकता है? तेज रोशनी से धीमी रोशनी को ओर बढते वक्त क्या उसे धब्बे नजर आते हैं? इन सारे लक्षणों का कारण है विटामिन की कमी। अपने बच्चे के आहार में विटामिन ए की मात्रा को बढाएं और उसे रोज सुबह गाजर का जूस पिराएं।



### भेंगापन

कई बार बच्चे मजाक में भी अपनी नजरों को तिरछा करते हैं। यदि ये मजाक ना हो कर हर दूसरे, तीसरे दिन की आदत बनती जा रही है तो आदत की वजह को पहचाने और अपने बच्चे की आंखों का इलाज कराएं।

### सर घुमाना

बार-बार सर घुमाना भी कमजोर नजर का एक लक्षण है। यदि आपका बच्चा टीवी देखते वक्त बीच-बीच में आंखों को बंद करके सर को हिलाता रहता है, तब इस लक्षण पर ध्यान दें।

### नजदीक से देखना

यदि आपके बच्चे को दूर से कोई चीज साफ ना नजर आए और वो उसे देखने के लिए बहुत करीब आए। तब यह सरल लक्षण, उसकी कम होती दृष्टि का संकतक है।

### आई बॉल की गति

हालांकि, इस लक्षण को पहचानना आपके लिए थोडा सा मुश्किल हो सकता है। इस लक्षण को पहचाने के लिए बात करते वक्त आपको अपने बच्चे की आंखों को गौर से देखना होगा। यदि आई बॉल की गति में कुछ भिन्नता नजर आए तो तुरंत एक नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें।

### लाल आंखें

नींद पूरी ना होना या नेत्रश्लेष्मला शोथ के कारण भी बच्चों की आंखे लाल हो सकती हैं। परंतु यदि ये दो कारण मौजूद ना हो तब कमजोर नजर ही इसका सही कारण होगा।

### आंखों में दर्द

आंखों में दर्द के कारण बच्चे को आंखों में चुभन महसूस होती है तथा उसके आंखों से पानी भी आने लगता है। यदि ये लक्षण लगातार नजर आएं तो समझे की निगाहों पर चश्मा टिकाने का वक्त आ गया है।



# कहीं बिगड़ तो नहीं रहा आपका बच्चा, कुछ इस तरह से पहचाने

बच्चे का मन कोरे कागज की तरह होता है। ऐसे में वे अपने आसपास के लोगों व चीजों जल्दी समझकर उन्हें सीख लेते हैं। कई बार वे ऐसी बातें व काम भी सीख लेते हैं जो उनके बेहतर मानसिक व व्यावहारिक विकास में बांधा डालते हैं। असल में, पेरेंट्स के बिजी होने या बच्चों को अधिक छूट देने से वे बिगड़ सकते हैं। ऐसे में कई बच्चे तो लड़ाई, मारपीट, गलत भाषा इस्तेमाल करना आदि शुरू कर देते हैं। ऐसे में पेरेंट्स का फर्ज बनता है कि वे शुरूआती दौर पर ही बच्चों पर ध्यान दें। तो चलिए आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ बातें बताते हैं, जो बच्चे के बिगड़ने की ओर इशारा करते हैं। ऐसे में आप समय रहते ही उनपर काबू पा सकते हैं।



### दूसरों को तंग करना

छोटे बच्चे दूसरों को चिढ़ाकर खुश होते हैं। मगर बार-बार ऐसा बर्ताव करना सही नहीं होता है। ऐसे में उसकी संगत को पहचान कर उसे ऐसा करने से रोकें। उसे सही व गलत की पहचान करवाते हुए एक बेहतर इंसान बनाए।

### लड़ाई करना

बच्चे का घर पर या पड़ोस में लड़ना भी उसके बिगड़ने की और इशारा करता है। असल में, ऐसी चीजें बच्चा घर के बड़े, दोस्तों व टीवी देखकर सीखता है। ऐसे में अपने घर का माहौल शांत व खुशनुमा रखें। साथ ही उसके द्वारा मारपीट या झगड़ा करने पर उसे प्यार से गलती का अहसास करवाएं। कई बच्चे अटेंशन डेफिसिट हाइपर डिस्ऑर्डर के शिकार होने के कारण ऐसा करते हैं। ऐसे में इस बात का खास ध्यान रखें।

### गलत शब्दों व भाषा का इस्तेमाल करना

अगर कहीं आपका बच्चा गलत शब्द या भाषा का इस्तेमाल करें तो अलर्ट हो जाएं। इसका मतलब है कि वह बुरी संगत में पड़ रहा है। इसके लिए उसके कुछ गलत कहने पर तुरंत उसे रोके। मगर उसे डांटने की जगह प्यार से समझाएं। नहीं तो बच्चा नाराज हो सकता है। साथ ही घर का माहौल सही रखें। इसके अलावा इस बात ध्यान रखें कि आपका बच्चे किस से मिलता है। उसकी संगत चैक करके उसके बिगड़ने का कारण पता करें।

### बात-बात पर जिद्द करना

अक्सर बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर भी जिद्द करने की आदत होती है। मगर अगर कई बच्चा किसी बात पर अड़ जाएं, घंटों रोता रहे या खाना-पीना छोड़ दें तो यह उसके बिगड़ने की ओर इशारा करता है। ऐसे में मां-बाप का फर्ज है कि वे बच्चे को सही-गलत की पहचान करवाते हैं उसे सही राह पर लाएं। अगर बच्चा प्यार से ना माने तो इसके लिए सख्ती भी कर सकते हैं।

### झूठ बोलना व चोरी करना

बच्चे का झूठ बोलना व चोरी करना भी उसके बिगड़ने की ओर संकेत करता है। ऐसे में उसका झूठ पकड़ कर प्यार से उसे समझाएं। बच्चे का मन बड़ा ही चंचल होता है। ऐसे में उसे डांटने की जगह प्यार से सही व गलत बताएं। साथ ही उससे ऐसा करने का कारण पूछे। इसके अलावा बच्चे की जरूरत का अच्छे से ध्यान रखें।





बच्चों के बेहतर शारीरिक विकास के लिए उनकी डाइट खास होनी चाहिए। खासतौर पर उनकी मांसपेशियों व हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। इसकी कमी से उनकी हड्डियां कमजोर होने के साथ शारीरिक विकास धीमा पड़ जाता है। वैसे तो इसकी कमी को पूरा करने के लिए सूरज की रोशनी बेहद फायदेमंद होती है। यह शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने व हड्डियों में मजबूती दिलाने में मदद करता है। मगर आप डाइट में कुछ चीजों को शामिल करके भी इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। तो चलिए आज हम विटामिन-डी से भरपूर चीजों के बारे में बताते हैं। मगर उससे पहले जानते हैं इसकी कमी के लक्षण....

# बच्चे में पहचाने विटामिन डी की कमी, जरूर खिलाएं यह आहार




### बच्चे में विटामिन डी की कमी के लक्षण

- मांसपेशियों व हड्डियों का कमजोर होकर दर्द होना
- शारीरिक विकास धीमी गति से चलना
- स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ना
- इसकी कमी के कारण बच्चे को रिकरंट इन्फेक्शन यानी बार-बार सर्दी-खांसी व मौसमी बीमारियां होना
- दिनभर थकान व कमजोरी रहना

### विटामिन डी से भरपूर सुपर फूड्स

**सोया से भरपूर चीजें**

विटामिन डी से भरपूर चीजों की लिस्ट में सोया भी शामिल होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सोया से भरपूर टोफू, दूध और सोयाबीन शामिल करें। इससे बच्चे को सही मात्रा में विटामिन डी मिलने के साथ शारीरिक व मानसिक विकास होने में मदद मिलेगी।



**दूध :** इसकी कमी पूरा करने के लिए दूध पीना भी बेस्ट ऑप्शन है। असल में दूध में कैल्शियम के साथ उचित मात्रा में विटामिन डी में पाया जाता है। इसलिए रोजाना 1 गिलास दूध का सेवन करने से बच्चे में इसकी कमी पूरी की जा सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, 1 गिलास दूध का सेवन करने से दिनभर की जरूरत के अनुसार 1/4 विटामिन डी की मिल सकता है।

**संतरा :** वैसे तो विटामिन-सी के लिए संतरा खाने की सलाह दी जाती है। मगर असल में, इसमें विटामिन-सी और डी सही मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में रोजाना इसका सेवन करने से विटामिन डी की सही मात्रा में मिलता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना 1 गिलास ताजे संतरे का जूस पीने से बच्चे में विटामिम डी की कमी पूरी करने में मदद मिलती है। इसके अलावा संतरे अन्य पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे की मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आएगी। शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होने के साथ स्किन से जुड़ी परेशानियों से भी राहत रहेगी।

**मशरूम :** मशरूम खाने में टेस्टी होने के साथ विटामिन डी से भरपूर होती है। इसके सेवन से मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने में मदद मिलती है। खासतौर पर बच्चे की ग्रोथ के लिए मशरूम काफी फायदेमंद मानी जाती है। ऐसे में इसे बच्चे की डेली डाइट में जरूर शामिल करें। आप इससे बच्चे को अलग-अलग डिशेज बनाकर खिला सकते हैं।

**अंडा :** अगर आप नॉन वेजीटेरियन है तो बच्चे की डाइट में अंडे शामिल करें। इसका सफेद भाग विटामिन डी से भरपूर होता है। ऐसे में इसके सेवन से बच्चे को इसकी कमी पूरी करने में मदद मिलेगी। साथ ही उसकी सेहत में सुधार आएगा।




## छः साल से फरार 01 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे सतीश परिहार करैरा**

पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा चलाये जा रहे स्थाई वारन्टी अभियान में दिनाँक 05.04.2024 को थाना प्रभारी पिछोर रत्नेश यादव ने मुखबिर सूचना पर प्रकरण क्रमांक 537/18 मे फरार स्थाई रामनिवास पुत्र हनुमंत सिहं यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम पिपरो मर्जरा नचनपुर को अपनी पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त स्थाई वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सउनि दीनदयाल शर्मा, प्रआर 548 दीपचंद, प्रआर 145- दीपक श्रीवास्तव, आर. 256 रामनाथ रावत की सराहनीय भूमिका रही।

# शिवपुरी मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने किया पूरे मध्य प्रदेश में टॉप

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की मुलाकात, दी शुभकानाएं बोला 'तुमने शिवपुरी का नाम रोशन किया है'

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी मेडिकल कॉलेज की छात्रा मेहर अजहर ने एक नया कीर्तिमान स्थापित कर मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की फाइनल परीक्षा में टॉप कर पूरे क्षेत्र

**– मंत्री सिंधिया ने पूछा, भविष्य में क्या करना है? उच्च शिक्षा हासिल करने पर दिया जोर, – शिवपुरी मेडिकल कॉलेज का निर्माण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रू 190 करोड़ की लागत से करवाया था, – प्रदेश के 17 कॉलेज में 1103 अंक हासिल कर मेहर ने किया टॉप**

का नाम रौशन किया है। छात्रा की उपलब्धि को सहारते हुए आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने छात्रा से शिवपुरी में मुलाकात की और उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने मेहर को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए भी प्रेरित किया और बोला ÷तुमने कमाल कर दिया है, शिवपुरी का नाम ऐसे ही ऊंचा



करती रहो, मेरा आशिर्वाद तुम्हारे साथ है। बता दें कि शिवपुरी के मेडिकल कॉलेज का निर्माण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रू 190 करोड़ की लागत से करवाया था। उनके द्वारा शुरू किया गया यह कॉलेज आज पूरे क्षेत्र में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा प्रदान कर रहा है।

**आज जिला प्रेस क्लब सीहोर ब्लाक इकाई भैरुंदा के तत्वाधान में पत्रकार सम्मान समारोह**-सीहोर। जिला प्रेस क्लब सीहोर ब्लाक इकाई भैरुंदा के तत्वाधान में शनिवार को पत्रकार सम्मान सम्मान समरोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय, क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, एआर शेख मुंशी, धर्मेन्द्र यादव, मनोज दीक्षित मामा आदि की उपस्थित में पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पत्रकार लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की सुबह ग्यारह बजे पत्रकार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भैरुंदा के सर्व मंगल गार्डन इंदौर रोड पर किया जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## कोतवाली पुलिस व्दारा छापेमार कार्यवाही करते हुये अलग-अलग स्थानों से हाथभट्टी की बनी कच्ची शराब करीबन 25-25 लीटर कुल 50 लीटर कीमती 5000 रु. जप्त की

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी  अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध हथियार/अवैध एवं अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक  संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई रोहित दुबे व्दारा टीम गठित की गयी टीम व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 05.04.24 को मुखविरों की सूचना पर से शहर के विभिन्न स्थानों पुरान रेल्वे स्टेशन के पास खुडा, नक्षत्र गार्डन के पास पर छापामार कार्यवाही करते हुयी हाथभट्टी की बनी कच्ची शराब करीबन 25-25 लीटर कुल 50 लीटर कीमती 5000रु. की जप्त की एवं आरोपीगण के विरुध्द आवकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली निरीक्षक रोहित दुबे, प्र0आर0 152 जयकिशन राणा, प्र0आर0 792 रविन्द्र सिनोरिया, प्र0आर0 374 गजेन्द्र परिहार, प्र0आर0 142 नरेश यादव, आर) भोला राजावत, आर0 अजीत राजावत, आर0 सोमवीर जाट,आर(0) लोकेन्द्र विशेष भूमिका रही ।

## शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही

### गांजे की तस्करी करते हये 01 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती 12,000/- रूपये सहित किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी  अमन सिंह राठौड़ के द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध, शराब, अवैध शस्त्र, अवैध मादक प्रदार्थ एवं फरार आरोपी व स्थाई वारण्टियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. पोहरी श्री सुजीत भदौरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 04.04.2024 को थाना प्रभारी पोहरी निरी रविशंकर कौशल को मुखवीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दीपक उर्फ गोलू राजपूत भगवती कलोनी पोहरी का ग्राम मडखेड़ा तिराहा श्योपुर पोहरी रोड़ पर रात्री में गांजे की तस्करी करने के लिये खडा है मूखवीर द्वारा बताये स्थान पर पहुँचे तो दीपक उर्फ गोलू राजपूत सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले में अबैध मादक पदार्थ गांजा लेकर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकडा जिससे उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दीपक उर्फ गोलू राजपूत पुत्र ब्रजेन्द्र राजपूत उम्र 26 साल निवासी भगवती कलोनी पोहरी थाना पोहरी जिला शिवपुरी का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती 12,000/- रूपये जप्त किया गया मौके पर पुलिस



टीप द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाकर अपराध क्रमांक 94/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में निरी. रविशंकर कौशल उनि रामेश्वर शर्मा उनि, चेतन शर्मा, प्र.आर. 143 कौशलेन्द्र सिंह तोमर, आर. 247 मुनेश धाकड़, आर. 257 मुकेश परमार, आर. 1048 कुलदीप शर्मा, चा. आर. 549 राजकुमार राठौर आर 813 सदन भिलाला की सराहनीय भूमिका रही।

## 17 बर्षीय नाबालिक बालक को दस्तयाव कर परिजनों को किया सुपुर्द

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी  अमन सिंह राठौड़ के द्वारा महिला संबंधी अपराधों मे तुरंत कार्यवाही करने एवं गुमसुदा/अपह्रता नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयावी हेतु गंभीरता से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे थाना कोतवाली द्वारा 17 वर्षीय नाबालिक बालक को दस्तयाब कर ने मे सफलता हांसिल की है । थाना कोतवाली पर दिनांक 28.03.24 को फरियादी नि0 ज्ञान प्रभात स्कूल के पास शिवपुरी ने अपने नाबालिग पुत्र उम्र 17 साल की अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 218/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन राठौड के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई रोहित दुबे द्वारा टीम बनायी जाकर अपहृत बालक की तलास पतारसी के भरसक प्रयास किये गये और ओपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत बालक की आज दिनांक 05.04.24 को इंदौर टावर चौराहा से दस्तयावी की गई । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली निरीक्षक रोहित दुबे, उनि दीपक पलिया, सउनि अमृतलाल, प्र0आर0 रघुवीर, आर0 भूपेन्द्र यादव, आर0 सुमित सेंगर की विशेष भूमिका रही ।

## युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए शहर में शुरू होगा स्पेशलिस्ट क्रिकेट कोचिंग कैम्प

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जल्द ही शिवपुरी में श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में चीफ कोच अरुण सिंह के नेतृत्व में स्पेशलिस्ट क्रिकेट कोचिंग कैम्प प्रारंभ होने जा रहा है। स्टेडियम में एक उच्च स्तर का ग्राउंड और अन्य फैसिलिटी है एक ग्राउंड जल्द ही बनके तैयार होने जा रहा है। इस समय खेल परिसर स्टेडियम से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल रहे है जिसमे रामवीर गुर्जर, सुमित कुशवाह, कंचन, संस्कृति, अतुल कुशवाह, हिमांशु, अयान, प्रांजल, सिद्धार्थ बलौदी जैसे खिलाड़ी जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्तमान में भी अन्य खिलाड़ी जो लगातार स्टेडियम में क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे है वे डिवीजन और राज्य स्तर पर खेल रहे है। युवा बालिका खिला?ी लोरी यादव पुत्री कपिल यादव को तो कुछ दिन पूर्व इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने उनके खेल के प्रदर्शन को देखते हुए खुशी जतायी और बधाई भी दी और उनको इंदौर मिलने के लिए भी बुलाया था। जनवरी से इंटर वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। खेल परिसर में देश की प्रथम माहिला क्रिकेट अकेडमी का संचालन किया जा रहा है। जल्द ही स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण कैम्प लगाया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ी क्रिकेट खेल के गुर सीखेंगे। अपना दम खम दिखाएँगे। क्रिकेट अकेडमी में बोर्डिंग और डे बोर्डिंग योजना है वर्तमान में प्रतिदिन सेकड़ो खिलाड़ी यहां आते है और  अपना स्तर सुधार कर रहे है। जो क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण पाना चाहते है वे खिलाड़ी अतिशीघ्र स्टेडियम में संपर्क कर सकते है। अब वास्तव में वो दिन दूर नही जब शिवपुरी से खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाएगे और देश का झंडा फहराएँगे।

## बाबा उमाकान्त जी महाराज के जीव हितकारी कुछ वचन

**सच्चे सन्त के दर्शन, सतसंग और आशीर्वाद से नहीं बनने वाला काम भी बन जाता है। विवेकशील, बुद्धिजीवियों को भारत के आध्यात्मवाद को जगाते रहना चाहिए। महात्माओं के पास आकर हर जाति-धर्म के लोग लाभ उठा सकते हैं**




समर्थ गुरु की दया लेने वाले का जन्म मरण छूट जाता है। धन, बल, प्रतिष्ठा का अहंकार पतन का रास्ता दिखा देता है। मनुष्य शरीर प्रभु प्राप्ति के लिए मिला है, यह हमेशा याद रखो। माता-पिता, बूढ़े, बुजुर्गों, अधिकारी, कर्मचारी सभी का सम्मान करो। नामदान बड़े भाग्य से मिला है, यह हैवान से इंसान, इंसान से भगवान और भगवान से परम पिता बना देता है। नामदान से काल का प्रकोप कम हो जाता है। जीव हत्या करके पैसा कमाने वाला कोई भी देश कभी तरक्की नहीं कर सकता है। अब ऐसा समय आ गया है कि आप सब लोग शाकाहारी, चरित्रवान, नशे से मुक्त, देशप्रेमी, धर्मप्रेमी बनकर कुदरती कहर का मुकाबला करो, नहीं तो अस्तित्व ही मिट जाएगा। गांजा, भांग, अफीम, चरस, कोकीन व शराब जैसा नशा करने वाला मनुष्य दीन और दुनिया का सुख प्राप्त नहीं कर सकता। आगे हवा दूषित होने पर सांस लेना मुश्किल हो जाएगा तब लोग मांस, मछली, अण्डा और नशे की चीजों को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगे। किसी भी जाति, धर्म व धार्मिक पुस्तक की निंदा, अपमान मत करो। सभी के दिल में प्यार - मोहब्बत का जज्बा पैदा करो। ध्यान दें ! बच्चे और बच्चियों में नशे की आदत व चरित्र का गिरना भारत जैसे धार्मिक देश के लिए खतरनाक होगा। मेहनत, ईमानदारी की कमाई करो। दिल दुखा कर लाया हुआ, बिना मेहनत का पैसा फलता- फूलता नहीं बल्कि तकलीफ देता है। आजमाइश करके देख लो जयगुरुदेव नाम प्रभु का ही है। जब मुसीबत में आदमी देवी-देवता फरिश्ते मददगार नहीं होंगे तब यह जयगुरुदेव नाम शाकाहारी, चरित्रवान, नशामुक्त लोगों के लिए मददगार होगा। बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम卐 जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए और परिवार वालों को बोलवाइए फिर फायदा देखिए

## स्वीप को लेकर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली




भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने तथा शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान हेतू जागरुक करने के उद्देश्य से भागलपुर के एनसीसी कैडेट्स (गर्ल्स) की सैकड़ों महिला कैडेट्स द्वारा भागलपुर के एसएम कॉलेज से तिलकामांझी चौक होते हुए जयप्रकाश उद्यान (सैंडिस मैदान) तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स के द्वारा वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम चुनाव का पर्व देश का गर्व मेरा पहला वोट देश के लिए नारा लगाते हुए सैंडिस मैदान तक की दूरी तय की गई। सैंडिस कंपाउंड में एनसीसी कैडेट्स गर्ल्स के द्वारा मतदाता जागरूकता फैलाने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया एवं भागलपुर युवाओं को जागरूक करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर स्वीप कोषांग के पदाधिकारी एवम् जिला स्वीप आइकॉन अजय अटल भी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक के साथ जिला पदाधिकारी की हुई मीटिंग

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर 26-भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अमित तलवार के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी की भेंट वार्ता जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक के द्वारा विधि व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, सेक्टर पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, एफएसटी, एसएसटी एवं एईओ से संबंधित आदेश पर चर्चा की गई। एपिक वितरण के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शत प्रतिशत एपिक का वितरण हो जाएगा। उन्होंने सामान्य प्रेक्षक को ईवीएम का एफएलसी एवं विधानसभा वार आवंटन की जानकारी दी कंट्रोल रूम तथा चुनाव में व्यवधान उत्पन्न करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में संयुक्त निदेशक जनसंपर्क ने बताया कि मीडिया सेल का गठन किया गया है जो जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित है। बताया गया कि मतदान कर्मियों की पार्टी 8 अप्रैल को रेंडमाइजेशन के माध्यम से बना दी जाएगी, मतदान तिथि के 3 दिन पूर्व उन्हें बूथ आवंटित कर दिया जाएगा, मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है।

## राज्य अधिकारी संघ के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केशव दुबौलिया जी होंगे

**भव्य होली मिलन समारोह रविवार दिनांक 7 अप्रैल को होटल राज भोज में आयोजित किया जा रहा है**

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

*ग्वालियर। डॉक्टर नवीन दुबे जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी संघ के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी जिला ग्वालियर द्वारा होली मिलन समारोह दिनांक 7.4.2024 को रविवार को होटल राज भोज में आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व संभाग आयुक्त ग्वालियर श्री बीएम शर्मा जी विशिष्ट अतिथि श्री कुलदीप सिंह गुर्जर प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं श्री अशोक राय प्रांत अध्यक्ष राज्य अधिकारी संघ रहेंगे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री केशव जी दुबौलिया क्षेत्र संगठन स्वदेशी जागरण मंच एवं क्षेत्र समन्वय स्वावलंबी भारत अभियान का उद्बोधन प्राप्त होगा आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।*

## गुढ़ी पाड़वा पर्व पर सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा 9,10 अप्रैल को अमरावती, महाराष्ट्र में सतसंग व नामदान कार्यक्रम

### ये वही बाबाजी हैं जिनका सतसंग सुनने, नामदान लेकर भजन करने से कष्ट मिटते और श्रद्धानुसार कामना भी पूरी होती है

अमरावती (महाराष्ट्र)वक्त के समरथ सन्त सतगुरु उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा सतसंग व नामदान कार्यक्रम त्रयोदशी मासिक भण्डारा पर्व पर 6 अप्रैल 2024 सुबह 10 बजे से स्थल बाबा उमाकान्त जी महाराज आश्रम, जयगुरुदेव नगर, कसौला चौक, बावल, रेवा?ी, हरियाणा में (सम्पर्क 8295989874) तथा गुढी पाडवा पर्व पर 9 व 10 अप्रैल को क्रमशः शाम 5 व सुबह 6 बजे से स्थान- जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी महाराज आश्रम, ग्राम अडगाँव खाडे, सातेगाँव रोड, तहसील-अंजनगाँव सुर्जी, जिला- अमरावती, महाराष्ट्र में समय परिस्तिथि अनुकूल होने पर होगा। देश के लोगों को हमेशा सुख-शान्ति व मोक्ष सन्तों ने ही दिलाया है, लेकिन सन्तों के पास जाना सतसंग सुनना, जब से लोगों ने बंद किया तब से यही स्वर्ग जैसा घर नरक जैसा मालूम पड़ रहा है। लड़ाई-झगड़ा, बीमारी, टेंशन में आदमी परेशान है। इसके निराकरण हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पूज्य सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज अपने मुख्य आश्रम उज्जैन से कार्यक्रम में पधार रहे हैं। मनुष्य को अपने कर्म ठीक कर, धर्म का पालन करके, सुख-शान्ति वाला रास्ता बाबा जी बताएंगे। यह मनुष्य शरीर यानी इंसानी जामा भजन-इबादत के लिए मिला है इसी में मालिक का दर्शन करने, अपनी जीवात्मा को उनके पास पहुँचाने का मार्ग भी बाबाजी निःशुल्क सभी जाति-मजहब के लोगों को बताएंगे। याद रहे ! ये वही बाबा उमाकान्त जी महाराज हैं जिनका सतसंग सुनने, नामदान लेकर भजन करने से दैहिक, दैविक, भौतिक कष्ट मिटते हैं और श्रद्धा, भाव-भक्ति के अनुसार कामना भी पूरी होती है। कहा गया है कि वक्त के डॉक्टर, वक्त के मास्टर, वक्त के समर्थ गुरु के पास जाने से ही तकलीफ दूर होती है, ज्ञान मिलता है। अतः आप लोगों से गुजारिश है कि वक्त के गुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा सतसंग सुनिए, पांच नाम का दान लीजिए। लोक परलोक सुधार कर जीवन सफल बना लीजिए। बाबा उमाकान्त जी महाराज के मुख्य आश्रम का पता बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था, जयगुरुदेव नगर, मक्सी रोड, उज्जैन, (म0प्र0) 9575600700. अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम। प्रान्तीय कार्यालय जयगुरुदेव बाबा उमाकान्त जी महाराज आअम ग्रामः अडर्गाव खाडे, तहसीलः अंजनगाव सुर्जी, जिलाः अमरावती (महाराष्ट्र) 7620158422. विश्व बने धर्मात्मा, पापों का हो खात्मा। जयगुरुदेव नाम बोलते रहो, लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो।

# करोड़ों के घर और लग्जरी कारों की मालकिन हैं रश्मिका मंदाना



*साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश भी कहा जाता है, वह अपनी एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से लाखों दिलों पर राज करती हैं. रश्मिका मंदाना भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं और इस समय सातवें आसमान पर हैं क्योंकि उनकी फिल्म %एनिमल% बॉक्स ऑफिस पर रिकार्ड तोड़ परफार्म किया है. एक्ट्रेस ने अपने करियर के दौरान कई अवार्ड्स जीते हैं. वह एक लग्जरी लाइफ जीती हैं और उन कुछ साउथ इंडियन इंडस्ट्री की एक्ट्रेस में से हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में जगह बनाई है. साल 1996 में जन्मी इस एक्ट्रेस ने किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की. वह तब से कई हिट फिल्मों का हिस्सा रही हैं और सबसे सफल एक्ट्रेसेस में से एक हैं. एक्ट्रेस ने एक शानदार जीवनशैली अर्जित की है और वह अपने आउटफिट और अन्य वस्तुओं के लिए चर्चा में रहती हैं. रश्मिका मंदाना फिल्मों, विज्ञापनों और अन्य प्रोजेक्ट्स से खूब कमाई करती हैं. इस आलेख में, हम आपको एक्ट्रेस के भव्य घरों, महंगी कारों, कमाई और कुल संपत्ति के बारे में बताएंगे. रश्मिका अपनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली अदाकारी से ऑडियंस को दिवाना करने के लिए जानी जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें बड़ी फिल्में ऑफर की जा रही हैं. विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति लगभग 45 करोड़ रुपये आंकी गई है. एक्ट्रेस की मासिक आय 60 लाख रुपये से ज्यादा बताई जाती है और बताया जाता है कि उनकी सालाना आय 8 करोड़ रुपये है. रश्मिका दक्षिण भारतीय फिल्म में 10 सबसे अधिक भुगतान पाने वाली एक्ट्रेसेस में से एक हैं. वह प्रति फिल्म लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. एनिमल की शानदार सफलता के बाद वह अपनी फीस बढ़ा दी हैं.*



## क्या मुन्ना त्रिपाठी की शो में वापसी होगी? शो के प्रोड्यूसर ने हाल में खोला राज

**मुंबई ।** अगर आप भी मिर्जापुर 3 का इंतजार कर रहे हैं तो खबर आपके बहुत काम की है। मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित वेब सीरीज है। दूसरे सीजन में मुन्ना त्रिपाठी को गुड्डू पंडित गोली मार देता है। लेकिन, क्या गुड्डू पंडित से चूक हो गई? क्या मुन्ना त्रिपाठी की शो में वापसी होगी?

शो के प्रोड्यूसर ने हाल में ये राज खोला है। मिर्जापुर 3 कब स्ट्रीम होने वाली है। ये इस वेब सीरीज के दीवाने तक से गुगल पर सर्च मार कर देख रहे हैं, जब से प्राइम वीडियो ने मिर्जापुर 3 का अनाउंस किया है। शो आएगा ये तय है, लेकिन कब? इसकी तारीख अभी तय नहीं है। शो में दिव्येंदु शर्मा ने मुन्ना भइया का किरदार निभाया था। जो फैन फेवरेट किरदार है। दूसरे सीजन के अंत में उसे मार दिया गया था। तभी से फैन्स इस कयास में बैठे हैं कि क्या तीसरे सीजन



में उसकी वापसी होगी। फिल्म कंपेनियन के फ्रंट रो के दौरान शो के प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी से ये सवाल किया गया।

उनसे पूछा गया कि क्या मुन्ना वाकई में कमबैक करेगा? इसका जवाब में उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से मुन्ना त्रिपाठी उस तरह से सीरीज में वापस नहीं आ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन हो सकता है कि कुछ दिलचस्प हो जाए, जिसके लिए आपको इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कुछ ऐसा होगा, जिससे मुन्ना फिर से दर्शकों की जिंदगी में लौटेगा। लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा। रितेश के जवाब से यह तो पूरी तरह साफ नहीं है कि मिर्जापुर 3 में मुन्ना त्रिपाठी कैसे लौटेगा।

## उबर कप नहीं खेलेंगी पीवी सिंधू, थॉमस कप के लिये भारत की मजबूत टीम

पीवी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी। फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी। फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है।

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है। बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'' सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है।''

भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है। इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं। दुनिया की नंबर एक जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला भी खेलेंगे।

थॉमस कप टीम -

एकल - लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज

युगल -सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला और साइ प्रतीक

उबर कप टीम -

एकल - अनमोल खरब , तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा, ईशारानी बरूआ

युगल - श्रुति मिश्रा, प्रिया कोंजेंगबम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर।

## पाकिस्तानी एक्टर्स से इन्सिक्योर हैं खान्स इसलिए लगवाया बैन, बोलीं PAK एक्ट्रेस, Video Viral

पाकिस्तान की फेमस एक्ट्रेस और टीवी प्रेजेंटर नादिया खान अपने मुखर बोल के लिए जानी जाती हैं. लेकिन इस बार एक्ट्रेस का एक इवेंट में दिया बयान लोगों के गले नहीं उतर रहा है. नादिया का वीडियो वायरल हो रहा है जहां एक्ट्रेस बॉलीवुड एक्टर्स को इन्सिक्योर बता रही हैं.

साथ ही कह रही हैं कि वो पाकिस्तान के एक्टर्स से डरते हैं. उनके टैलेंट का सामना नहीं कर सकते हैं. इसमें उन्होंने बॉलीवुड के पॉपुलर खान एक्टर्स यानी शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान का भी नाम लिया.

नादिया पाकिस्तानी शो क्या ड्रामा है अनकट वर्जन में शामिल हुई थीं. इसके एक एपिसोड में वो बॉलीवुड एक्टर्स पर ताना कसते हुए नजर आई. उनका ये वीडियो ट्विटर पर खूब वायरल हो रहा है. वहीं अब वो सबकी निशाने पर भी आ गई हैं.



खान्स ने लगवाया बैन

नादिया ने कहा- हिंदी फिल्मों में काम करने के बाद फवाद खान और बाकी पाकिस्तानी सेलेब्स पूरे भारत में बहुत पॉपुलर हो गए हैं. इस वजह से वहां के कई टॉप एक्टर्स इन्सिक्योर हो गए हैं. इसलिए उन्होंने दो देशों के बीच पॉलिटिकल इशू क्रिएट करने की कोशिश की और हमारे यहां के आर्टिस्ट को वहां बैन करवा दिया. वहां के सिर्फ पॉलिटिशयन्स को ही हमसे प्रॉब्लम नहीं है, बल्कि वहां के टॉप के एक्टर्स भी डरते हैं. ये सिर्फ फिल्में मिलने का डर नहीं है, बल्कि ये भी है कि भारतीय जनता पाकिस्तानी कलाकारों को कितना पसंद करने लगी थी. वे हमारे टैलेंट से इतना डर गए कि उन्होंने हम पर बैन लगवा दिया.

नादिया आगे बोलीं- जो काम हमारे एक्टर्स आंखों से कर लेते हैं वो वहां के एक्टर्स ताबड़तोड़ एक्शन से नहीं कर पाते हैं. हाल ही में हमारे एक्टर्स वहाज और बिलाल (वहाज अली और बिलाल अब्बास खान) ने जो किया है, उससे भारतीय जनता को उनसे प्यार हो गया है. भारत में ये सितारे वायरल हैं, भारत में इनकी फैन फॉलोइंग के बारे में आपको कोई अंदाजा नहीं है. यहां तक कि खान (आमिर खान, शाहरुख खान और सलमान खान) भी असुरक्षित हैं - अगर ये लड़के हमारी फिल्मों में आएंगे, तो हम क्या करेंगे?

नादिया को इस स्टेटमेंट के लिए ट्विटर पर काफी हेट मिल रहा है. बता दें, पाकिस्तानी एक्टर्स को उरी अटैक के बाद बैन किया गया था. ये बैन ऑल इंडिया सिने वर्कर्स असोसिएशन ने लगाया था।

## आईपीएल 2024 :शीर्ष दस खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए ऋषभ और नरेन

**मुम्बई ।** आइपीएल 2024 में आरसीबी का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है पर उसके स्टार खिलाड़ी विराट कोहली सबसे अधिक रनों के साथ ही ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपियल्स के बीच हुए मुकाबले के बाद आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में बदलाव आया है। इस मैच में शानदार प्रदर्षन कर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत और केकेआर के सुनील नरेन भी शीर्ष दस खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं। वहीं शीर्ष पर कोहली का कब्जा बना हुआ है। कोहली ने अब तक चार मैचों में 140 की स्ट्राइक रेट और 67 की औसत से शानदार 203 रन बनाए हैं। वहीं दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग हैं, जिन्होंने तीन मैचों में 160 की स्ट्राइक रेट और 181 की शानदार औसत से 181 रन बनाए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन तीन मैचों में 219 की शानदार स्ट्राइक रेट और 83 की औसत से 167 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं।

ऑरेंज कैप के दावेदारों की शीर्ष टॉप 10 सूची में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत भी पहुंच गये हैं। ऋषभ ने केकेआर के खिलाफ मैच में केवल 25 गेंदों में ही शानदार 55 रन बनाए थे। वह अभी 152 रन और 158 की स्ट्राइक रेट तथा 38 की औसत के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं दिल्ली के ही डेविड वार्नर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वार्नर ने अब तक खेले गए 4 मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट और 37 की औसत से 148 रन बनाए हैं।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने 12 ओवर में 7 विकेट लिए और 106 रन दिए। वहीं पहली बार आईपीएल खेल रहे मयंक यादव 8 ओवर में 41 रन देकर 6 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल 10 ओवर में 55 रन और 6 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस के मोहित शर्मा चौथे स्थान पर हैं, जिन्होंने 12 ओवर में 93 रन देकर 6 विकेट लिए थे। दिल्ली कैपिटल्स के खलील अहमद पर्पल कैप की सूची पांचवें स्थान पर हैं। तीन मैचों में जीत के साथ ही केकेआर के 6 अंक हैं। राजस्थान रॉयल्स के भी इतने ही अंक हैं पर रन रेट के हिसाब से केकेआर शीर्ष पर पहुंच गयी है।

## मैट्रिक्स 5 के ऐलान के साथ फैन्स को बड़ा झटका, पुराने डायरेक्टर्स का कट गया पत्ता



वार्नर ब्रदर्स की मशहूर फ्रेंचाइजी 'मैट्रिक्स' एक बार फिर से चर्चा में छाई हुई है. वजह है फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट की अनाउंसमेंट. वार्नर ब्रदर्स 'मैट्रिक्स 5' के साथ वापस लौट रहे हैं.

साल 2021 में मैट्रिक्स का चौथा पार्ट आया था. अब स्टूडियो में इसके 5वें पार्ट की अनाउंसमेंट कर दी है. फैन्स खुशी से झूम उठे हैं. उन्हें लंबे वक्त से इसका इंतजार था. मेकर्स फिल्म की तैयारियों में जूट गए हैं. हालांकि फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ-साथ दर्शकों के लिए और बड़ी खबर है.

दरअसल मैट्रिक्स फ्रेंचाइजी के सभी पार्ट्स को अब तक डायरेक्टर लाना या लिली वाचोवस्की ने डायरेक्ट किया था. लेकिन नए पार्ट से अब इन दोनों डायरेक्टर्स का पत्ता कट गया है. मैट्रिक्स 5 इन दोनों डायरेक्टर के बिना बनाई जाएगी. इसी के साथ नई पार्ट के लिए एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है. खबरें हैं कि 'द मार्टियन' स्क्रिप्ट राइटर ड्रू गोडार्ड मैट्रिक्स के नए पार्ट को डायरेक्ट करेंगे. इतना ही नहीं चर्चा ये भी है कि वह सारा एसबर्ग के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट भी लिखेंगे.

वहीं, 'मैट्रिक्स' फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन' का डायरेक्शन करने वाली लिली वाचोवस्की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर काम कर सकती हैं और राइटर ड्रू गोडार्ड डायरेक्शन की कमान अपने हाथों में लेंगे. बता दें, कि 'मैट्रिक्स' के चौथे पार्ट 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स' को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. इसे दुनियाभर में पसंद किया गया था. फिल्म क्रिटिक्स ने भी इस फिल्म की खूब तारीफ की थी.

फिल्म की कमाई की बात करें तो बॉक्स ऑफिस पर 'द मैट्रिक्स रिसरेक्शन्स' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 159 मिलियन डॉलर का शानदार कलेक्शन किया था. हालांकि मैट्रिक्स 5 को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है. अभी ये भी कंफर्म नहीं है कि फिल्म में कौन-कौन से सितारे नजर आएंगे.

## अजय में मैदान में अपनी भूमिका वीडियो किया रीलिज

**मुंबई ।** बालीवुड की फिल्म मैदान की रिलीज से पहले अजय देवगन ने अपनी भूमिका की एक झलक पेश करते हुए एक नया वीडियो साझा किया। वे सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। कुछ ही समय में यह वायरल हो गया और प्रशंसक इस पर प्रतिक्रिया देते नजर आए।



कई लोगों ने टिप्पणी करते हुए इसे ब्लॉकबस्टर बताया। वहीं फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो यह गुमनाम नायक सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी की झलक पेश करेगी, जिन्होंने अपना जीवन फुटबॉल के लिए समर्पित कर दिया और भारत को बहुत गौरव दिलाया। उनकी जीवनी पर आधारित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कोच सैयद अब्दुल रहीम के नेतृत्व में भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि है, जिसमें 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में टीम की जीत को दर्शाया गया है। वहीं फिल्म के कलाकारों के बारे में बात करें तो अजय देवगन के अलावा मैदान में प्रियामणि, गजराज राव और बंगाली अभिनेता रूद्रनील घोष प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ्रेश लाइम फिल्म्स, जी स्टूडियोज और बेव्यू प्रोजेक्ट्स द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन अमित रविंदरनाथ शर्मा ने किया है। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है।

वहीं गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। जी स्टूडियोज, बोनी कपूर, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला द्वारा निर्मित मैदान 10 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की टक्कर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होगी। बता दें कि अजय देवगन अपनी अगली फिल्म मैदान की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो सबसे बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्स ड्रामा में से एक है। फिल्म की रिलीज में 11 दिन बाकी रह गए हैं।

# पंप ऑपरेटर भटक रहें दर दर, रोजी-रोटी का संकट

ग्वालियर। जिले में सालों से हर मौसम में समय पर अपनी सेवाएं दे रहे चाहे फिर वह मौसम कितना ही खराब क्यों ना हो लेकिन अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर्व खड़े हैं पंप ऑपरेटर भटक रहे हैं जगह-जगह अपनी सैलरी के लिए ग्वालियर मैं 17 पंप ऑपरेटर अपनी सैलरी को लेकर पार्षद महापौर विधायक मंत्री और नगर निगम आयुक्त तक लगा ली गुहार लेकिन 20/10/2022 से लेकर आज दिनांक तक का नहीं मिला है वेतन परेशान पंप ऑपरेटर आखिर कैसे चलाएंगे अपने घर को मदद की गुहार लगाने जहां भी पहुंचते हैं पंप ऑपरेटर संतुष्टि दिला दी जाती है लेकिन आज दिनांक तक पंप ऑपरेटर का कोई भी भुगतान नहीं हुआ है जिससे कि पंप ऑपरेटर को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आखिर निगम प्रशासन क्यों नहीं दे पा रहा है पंप ऑपरेटर की समय पर सैलरी क्या है पंप ऑपरेटर को सैलरी ना देने की कहानी जल्दी करेंगे इसका भी खुलासा




**भ्रष्टाचार का अड्डा**–ग्वालियर नगर निगम में सबसे ज्यादा घोटाले सामने आते हैं घोटाले की मुख्य वजह यह भी रहती है कि एक छोटे से छोटा कर्मचारी से लेकर ऊपर के वरिष्ठ अधिकारी तक सब भ्रष्टाचार में इतने लिफ्ट हैं कि पंप ऑपरेटर को जगह-जगह अपनी गुहार लगानी पड़ रही है लेकिन घोटाले में लिफ्ट कर्मचारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को कोई मतलब नहीं है




**शिकायत पर कार्यवाही लेकिन वेतन के नाम पर कान बंद करते अधिकारी**–ग्वालियर पंप ऑपरेटर की किसी भी प्रकार की कोई भी शिकायत अगर वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच जाए तो उसे पर तुरंत एक्शन लेते हैं वरिष्ठ अधिकारी लेकिन वही एक तरफ देखा जाए तो अपने वेतन को लेकर काफी लंबे समय से परेशान हो रहे पंप ऑपरेटर की समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं है अधिकारी से लेकर नगर निगम आयुक्त तक

**नेताओं ने किया चुनाव की तरह झूठे वादे**–ग्वालियर पंप ऑपरेटर ने अपनी वेतन की समस्या को लेकर पार्षद महापौर विधायक मंत्री और अपने क्षेत्र से लेकर सभी बड़े नेताओं को अपनी कहानी सुनाई लेकिन सभी बड़े नेताओं ने भी चुनाव की तरह झूठे वादे करके तसल्ली दिला दी लेकिन सालों से रुका वेतन नहीं दिला सके अभी तक ठीक उसी तरह तसल्ली दिला रहे हैं नेता जिस तरीके से की चुनाव में झूठे वादे करके भोली भाली जनता को भड़काया जाता है

**लेटर के नाम पर गुमराह कर रहे हैं वरिष्ठ अधिकारी**–ग्वालियर पंप ऑपरेटर ने अपनी वेतन की समस्या को लेकर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को जब वेतन से संबंधित समस्या बताइए तो नगर निगम के अधिकारी लेटर के नाम पर पंप ऑपरेटर को गुमराह कर रहे हैं नगर निगम के अधिकारी पंप ऑपरेटर को बताते हैं कि हां हमने लेटर लिख दिया है भोपाल के लिए आखिर क्या है इसका राज और क्यों नहीं मिल पा रही है पंप ऑपरेटर को उनकी समय पर सैलरी क्या निगम के अधिकारियों ने इसमें भी कर दिया है कोई गोलमाल।

# थाना बिजौली पुलिस की जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही

## जुआरियों से 1,54,400/-रुपये नगद, 01 ताश की गड्डी व 05 मोटरसायकिलें की जप्त





ग्वालियर।पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में सटोरियों एवं जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 05.04.2024 को बिजौली पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बिजौली क्षेत्रान्तर्गत हार में ताल की मोहरी के पास कुछ लोग हार-जीत का दॉव लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध/यातायात) श्री श्री षिया?के.एम.,भापुसे द्वारा थाना बिजौली पुलिस की टीम को हार जीत का दॉव लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी बेहट श्री संतोष पटेल के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक अनु बेनीवाल,भापुसे के नेतृत्व में थाना बिजौली पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताये स्थान हार में ताल की मोहरी के पास जाकर देखा तो कुछ लोग मोटरसाइकिलों का घेरा बना कर उसकी आड़ में हार-जीत का दॉव लगाकर जुआ खेल रहे थे, जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर 09 जुआरियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये जुआरियों के नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को (1) राघवेन्द्र पुत्र जीतसिंह जाट निवासी बिजौली,(2) लोकेश पुत्र राधाकिशन शर्मा निवासी बिजौली, (3) लोकेन्द्र सिंह पुत्र बालकिशन पाल निवासी ग्राम बेरजा, (4) नरेश पुत्र बालकिशन जाटव निवासी ठकुरीकापुरा (5) शुभम पुत्र रक्षपाल राणा निवासी ग्राम बिजौली (6) आशाराम पुत्र सरमनलाल प्रजापति ग्राम स्यावरी (7) नेपाल सिंह पुत्र हाकिम सिंह बघेल निवासी जखारा थाना हस्तिनापुर, (8) योगेन्द्र पुत्र अमर सिंह जाट निवासी ग्राम जखारा थाना हस्तिनापुर (9) आकाश पुत्र सूरतराम यादव निवासी बडागांव थाना मुरार का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर मिले जुआ के फड़ से 1,54,400/- रूपये नगद, 01 ताश की गड्डी व घेरा बनाकर खड़ी 05 मोटरसायकिलों को विधिवत जप्त कर पक? गये जुआरियों के खिलाफ थाना बिजौली में धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरूका**– 1,54,400/- रूपये नगद, 01 ताश की गड्डी , 05 मोटरसायकिलें।

**सराहनीय भूमिका**– उक्त जुआरियों को पकड़ने में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक अनु बेनीवाल,भापुसे, सउनि0 रणवीर सिंह, प्र.आर0 बदनसिंह, भिखारीलाल त्यागी, आर0 बृजेश, प्रेमनारायण, विष्णु जाट, सीताराम जादौन, प्रवीण जाट, म.आर. राजेश्वरी, आरती की सराहनीय भूमिका रही।

## कांग्रेस को फिर बड़ा झटका

# जीतू पटवारी के नजदीकी डॉ. दिलीप समाधिया सैंकड़ों समर्थकों संग भाजपा में शामिल, सिंधिया एवं डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराकर भाजपा के विजय अभियान में जुटने एवं 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में सहयोगी बनने का दिलाया संकल्प

ग्वालियर। ग्वालियर में कांग्रेस को आज उस वक्त एक और झटका लगा जब स्थानीय राजनीति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नजदीकी एवं विश्वासपात्र माने जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. दिलीप समाधिया ने अपने सैंकड़ों समथकों एवं सहयोगियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। डॉ. दिलीप समाधिया को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं भाजपा के न्यू ज्वाइनिंग टोली प्रमुख पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भगवा पट्टिका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। डॉ. दिलीप समाधिया कई वर्ष तक ग्वालियर जिला कांग्रेस कमेटी की चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रहे हैं। विगत विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र फ्राहूफ्र में कांग्रेस का प्रचार प्रसार प्रभारी बनाया था। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाजपा परिवार में डॉ. दिलीप समाधिया का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा डा. समाधिया के अनुभव, वंचितों व समाज के कमजोर वर्ग के प्रति सेवा भाव एवं राजनीतिक क्षेत्र में प्रदर्शित ईमानदारी, शुचिता एवं संकल्प शक्ति का लाभ उठाएगी। श्रीमंत सिंधिया ने इस अवसर पर सभी नवांगुतक नेताओं व कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। डॉ. समाधिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अपने सभी उपस्थित समर्थकों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने के अभियान में जुटने एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिकाधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। ज्ञातव्य है कि डॉ. दिलीप समाधिया की ग्वालियर चंबल अंचल में पहचान एक प्रखर राजनेता के रूप में तो है ही, इसके अलावा उन्हें निर्धन, वंचित व कमजोर वर्ग की बस्तियों में नियमित रूप से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने एवम निशुल्क दवा वितरण के लिए भी जाना जाता है।

# ग्वालियर के ठगों का दुबई से जुड़ा है तार

**ग्वालियर।** कॉल सेंटर के जरिए विदेशियों को ठगने वाली गैंग के बारे में पता लगाने के लिए अमेरिका की होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एजेंसी की टीम ग्वालियर पहुंची है। एसपी कार्यालय पहुंचकर जांच एजेंसी की टीम ने ठग गिरोह के बारे में इनपुट लिया है। अब ग्वालियर पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों से भी पूछताछ करेगी।

### अमेरिका की होम लैंड सिक्योरिटी टीम आरोपियों से कर रही पूछताछ

दरअसल, झांसी रोड थाना पुलिस ने बीते दिनों माधवनगर स्थित एक होटल आशीर्वाद के रूम नंबर 204 से सात ठगों की गैंग पकड़ी थी। यह सातो लोग माइक्रो सॉफ्ट कंपनी के कर्मचारी बनकर अमेरिका के लोगों को फोन कर उनके कम्प्यूटर, लैपटॉप में वायरस होना बताकर फंसाते थे। पकड़े गए फ्रॉडस्टर अब बता रहे हैं कि उन्हें अमेरिका के लोगों के नंबर दुबई में बैठा सरगना मोटी सिकरवार वॉट्सअप ग्रुप पर मुहैया कराता था।

**मोटी सैलरी और हर ठगी पर है 5 टका कमीशन**–पकड़े गए ठगों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्हें एक कॉल पर टीम मेंबर को 5 प्रतिशत कमीशन, 25 से 30 हजार की महिने की सैलरी मिलती थी। ज्यादा पैसा कमाने के लिए गैंग दनादन फोन कॉल करता था। एक बार जो फंसता था उससे कम से कम 1500 डॉलर तो ऐंठते ही थे। यह रकम सीधे दुबई में मोटी सिकरवार के पास पहुंचता था। उसे भुगतान गिफ्ट कार्ड के जरिए होता था। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सरगना मोटी के अलावा करण गैंग को ऑपरेट करता था। उसने ही कॉल सेंटर में काम करने का हवाला देकर टीम तैयार की थी, जिसे पुलिस पक? नहीं पाई है। करण को धंधे के सारे राज पता हैं। गैंग विदेशियों से ठगा पैसा इंडियन करेंसी में बदलते थे। उनके पास करीब 5 हजार से ज्यादा मोबाइल नंबर मिले हैं।

**एक्सेंट के साथ बदल लिए थे नाम**–बताया जा रहा है कि जो आरोपी पकड़े गए हैं वह गजब की फर्राटेदार इंग्लिश तो बोलते ही हैं, इसके साथ ही उनके बोलेने का एक्सेंट भी अमेरिका के लोगों जैसा ही था। खुद की पहचान छुपाने के लिए यह लोग ऐसे नाम का प्रयोग करते थे जो विदेशों में खासा प्रचलित है। जैसे अभय राजावत का नाम मिस्टर पॉल, नितेश का नाम मार्टिन, सुरेश का जॉन, दीपक का रायन, राज को साइबर एक्सपर्ट तो वहीं श्वेता का नाम नैंसी के था।

**अमेरिकी दूतावास से पहुंची टीम**–जालसाजों ने अमरीका में नेटवर्क कैसे बनाया इसका पता लगाने के लिए एंबेसी के जरिए अमेरिका की होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट से संपर्क किया गया, जिसे लेकर होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एजेंसी की टीम ग्वालियर पहुंची। उन्होंने ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह यादव से बातचीत की और आरोपियों की जानकारी ली। इसके साथ ही जांच टीम पुलिस के साथ मिलकर और आरोपियों से भी पूछताछ करेगी।

# सभी सुख प्रदान करती है महालक्ष्मी की आरधना: राघव ऋषि

ग्वालियर। ऋषि सेवा समिति के तत्वाधान में माधव मंगलम पैलेस नदीगेट पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा छठवें दिन शुक्रवार को राघव ऋषि ने कहा गोवर्धन लीला भक्ति को बढ़ाने वाली लीला है। गो अर्थात भक्ति वर्धन अर्थात बढ़ाना। जब ईश्वर के व्यापक स्वरूप का अनुभव होता है तभी भक्ति उत्पन्न होती है । इस मौके पर श्रीकृष्ण-रुकमणि के विवाह की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। रुक्मिणी-विवाह में बड़ी धूमधाम से बारात आई व कन्यदान की परम्परा मुख्य यजमान प्रमोद गर्ग ने निभाई। कथा के दौरान बीच बीच में राघव ऋषि के पुत्र सौरभ ऋषि ने भजन सुनाकर श्रद्धालुओं क ो मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा विश्राम दिवस शनिवार को सुदामा चरित्र की कथा होगी। ऋषि महाराज ने कहा कि रासलीला काम विजय लीला है। वेद की एक लाख ऋचाएं जो द्वापुर में गोपियां बनी। ब्रह्मा के पास जाकर उन्होंने मुक्त होने के लिए प्रार्थना की। ब्रह्मा ने कमण्डल से जल निकालकर उन पर छिड़का तो सभी ऋचाएं गोपी रूप में परिणित हो गई। उन्हीं एक लाख ऋचा रूपी गोपियों ने भगवान संग नृत्य किया, लेकिन गोपियों को अभिमान हो गया की उनकी साधना से भगवान उनके वश में हैं, तो भगवान बीच में ही चले गए। उनके विरह में गोपियों ने जो गीत गाया वही गोपीगीत है। मानव शरीर ही ब्रज हैं। इसकी शोभा वस्त्राभूषणों से नहीं भक्ति से है। भक्ति निष्काम होगी तो भगवान नित्य सानिध्य देते है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का होली मिलन 7 को

ग्वालियर।कान्यकुब्ज ब्राहाम्ण समाज ÷होली मिलन÷ समारोह दिनांक 7अप्रैल रविवार को दोपहर 4 बजे से सांय 6 बजे इंद्रप्रस्थ गार्डन,गोले का मंदिर, मुरार ,ग्वालियर ,पर आयोजित किया जा रहा हैं,जिसमे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सभी जन सहपरिवार शामिल होंगे। होली मिलन के साथ उत्सव मैं कविता पाठ, संगीत मय फाग गायन सहित विभिन्न कार्यक्रम हौंगे अतः कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानीय जनो से निवेदन हैं की 7अप्रैल रविवार को उपरोक्त स्थान पर परिवार सहित अवश्य शामिल होकर होली उत्सव कार्यक्रम मे स्वल्पहार के साथ का आनंद उठाये।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने जौरा मार्केटिंग सोसायटी का किया औचक निरीक्षण

## अपनी उपस्थिति में एक बोरी का वजन भी करके अवलोकन किया

**मुरैना।** मुरैना जिले में सरसों एवं गेहूं खरीदी का कार्य शुरू हो गया है। जिसमें कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने शुक्रवार को जौरा मार्केटिंग सोसायटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक किसान की सरसों खरीदी जा रही थी। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने किसान से स्लॉट बुक करने के संबंध में पूछताछ की और स्लॉट बुक करने के उपरांत कितने समय बाद नंबर आता है इसकी भी जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर ने की जा रही तुलाई का अवलोकन किया, उन्होंने अपनी उपस्थिति में एक सरसों के बोरे का वजन कराकर परीक्षण भी किया। कलेक्टर ने कहा कि सोसायटी पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना है, ठंडे पेयजल का प्रबंध है एवं अधिक मात्रा में स्लॉट बुक होने से ट्रॉलियां खड़े होने में असुविधा न हो, यह भी निर्देश मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक को दिये। उन्होंने सरसों खरीदी की नमी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, एसडीएम जौरा श्री प्रदीप तोमर, एसडीओपी जौरा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# उत्कृष्ट विद्यालय में स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों और छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित





**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी स्कूलों में स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता कराई जा रही है। जिसके तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 मुरैना में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ इच्छित गड़पाले, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक, संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुशवाह, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री सियाराम गुर्जवार सहित स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बालक-बालिकाएं उपस्थित थीं। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने छात्र-छात्राओं से आग्रह करते हुए कहा कि मतदान हम सब का अधिकार है। 18 वर्ष से जो लोग ऊपर है, वे सभी लोग मतदान अवश्य करें। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने घर माता-पिता एवं आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। अपने घर में अन्य सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें। तभी मजबूत, टिकाऊ लोकतंत्र बनेगा। कलेक्टर ने कहा कि मतदान हम सबके लिए बहुत जरूरी है। स्वतंत्रता लोकतंत्र है, भारत में जरूरी है। सभी मतदान के महत्व समझे और 7 मई, 2024 को मतदान जरुर करें।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478